

दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 228/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, सोमवार 03 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in

सांध्यप्रकाश विशेष

देश में लोकतंत्र के लिए कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी: नितिन गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी भाजपा के स्पष्टवादी नेताओं में से एक हैं, जिनके काम की तारीफ उनके अपने साथी ही नहीं, विरोधी दलों के नेता भी करते हैं। जहां श्री गडकरी ने विरोधी खेमे में भी अपने प्रशंसक बनाए हैं, वहीं कुछ समय से वह लगातार अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्त्ताओं को उनकी त्रुटियों के बारे में सचेत करते और उन्हें नसीहतें देते आ रहे हैं।



मणिपुर से भाजपा सांसद टापिर गाओ ने उनकी प्रशंसा करते हुए कहा है कि ''नितिन गडकरी हैं तो मुमकिन है। वह मकड़े के जाल की भांति देश के ओर-छोर में सड़कों का जाल बिछाते जा रहे हैं इसलिए मैंने उनका नाम बदल कर 'स्पाइडरमैन' रख दिया है। '' इन दिनों गडकरी अपने एक बयान से चर्चा में हैं। भाजपा के 'कांग्रेस मुक्त भारत' नारे से भिन्न राय रखते हुए उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी के मजबूत होने की कामना करते हुए पुणे में एक कार्यक्रम में कहा -''जैसे-जैसे कांग्रेस कमजोर होती जा रही है, क्षेत्रीय पार्टियां उसका स्थान लेती जा रही हैं। यह लोकतंत्र के लिए शुभ लक्षण नहीं है। क्षेत्रीय पार्टियों को विपक्ष का स्थान लेने से रोकने के लिए कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है।''''लोकतंत्र में विपक्षी दलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेरी हार्दिक कामना है कि कांग्रेस मजबूत बनी रहे। जो कांग्रेस में हैं उन्हें पार्टी के लिए निष्ठा दिखाते हुए पार्टी में ही रहना चाहिए और हार से निराश हो कर पार्टी या अपनी विचारधारा न बदल कर काम करना जारी रखना चाहिए।''

''हर पार्टी का दिन आता है। लोकतंत्र दो पहियों की गाड़ी के समान होता है, जिसका एक पहिया सत्तारूढ़ दल, तो दूसरा विपक्ष होता है। मजबूत लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष भी जरूरी है।'' महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत ने श्री गडकरी के इस बयान की सराहना की है। जहां उक्त बयान के लिए श्री गडकरी बधाई के पात्र हैं, वहीं हाल के चुनावों में हारने के बावजूद सिर फुटौवल में उलझे कांग्रेस नेताओं को उनके बयान से सबक लेकर आपस में सहमति कायम करके पार्टी को आगे बढ़ाने की बात सोचनी चाहिए, ताकि यह देश में एक मजबूत एवं स्वस्थ विपक्ष की भूमिका निभा सके।

केंद्रीय जांच ब्यूरो के डायमंड जुबली प्रोग्राम में पहुंचे प्रधानमंत्री

आज सीबीआई यानी इंसाफ का ब्रांड: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) के डायमंड जुबली कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट शामिल हुए। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने पोस्टल स्टांप और डायमंड जुबली मार्क वाला सिक्का लॉन्च किया। इसके साथ ही मेघालय की राजधानी शिलांग, महाराष्ट्र के पुणे और नागपुर में सीबीआई के ब्रांच ऑफिस के नए बिल्डिंग का उद्घाटन भी किया।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि नए कार्यालयों का शुभारंभ सीबीआई को कार्य करने में सहायता प्रदान करेगा। सीबीआई की जांच की मांग के लिए तो आंदोलन तक किए जाते हैं, लोग कहते हैं कि मामले को सीबीआई को दे दें। न्याय, इंसाफ के ब्रैंड के तौर सीबीआई का नाम सबकी जुबान पर है। जिन्होंने भी सीबीआई में योगदान दिया वे बधाई के पात्र हैं।

मोदी इस दौरान सीबीआई के बेस्ट इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर्स को भी सम्मानित किया। साथ ही उन अधिकारियों को भी सम्मानित किया, जिनका नाम प्रेसिडेंट पुलिस मेडल के लिए चुना गया था। उन्होंने कहा कि पिछले 6 दशक में सीबीआई ने बहुआयामी और बहुअनुशासनात्मक जांच एजेंसी के तौर पर अपनी पहचान बनाई है, आज सीबीआई का दायरा बहुत बड़ा हो चुका है। महानगर से लेकर जंगल तक सीबीआई को दौड़ना पड़ रहा है। मुख्य रूप से सीबीआई की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने की है। भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं होता। भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है। भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है। जहां भ्रष्टाचार होता है, वहां युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलते। वहां सिर्फ एक विशेष ईकोसिस्टम ही फलता-फूलता है। भ्रष्टाचार प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है और यहीं से भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को बल मिलता है।

अमरकंटक में आचार्य विद्यासागर जी महाराज का आशीर्वाद लिया मुख्यमंत्री चौहान ने

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक पहुंचे। वहां उन्होंने उद्गम स्थल को नमन किया। आचार्य विद्यासागर जी महाराज के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री चौहान ने अमरकंटक, अनूपपुर में आयोजित आचार्य श्री विद्यासागर जीव दया पुरस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती है। आज मैं पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं कि सत्य, अहिंसा,अपरिग्रह ,अस्तेय, ब्रह्मचर्य का जो मंत्र उन्होंने दिया है। भौतिकता की अग्नि में दग्ध विश्व मानवता को शाश्वत शांति के पथ का दिग्दर्शन वही मंत्र करा सकता हैं। श्री चौहान ने कहा कि अमरकंटक में आज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दर्शन और सानिध्य का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आचार्य श्री के आशीर्वाद से मानव कल्याण और जीवों की सेवा के संकल्प सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपका पुण्य आशीर्वाद सर्वदा ऐसे ही प्राप्त होता रहे, यही कामना करता हूं।

ये खास सेविंग स्कीम, मिल रहा 8.20 प्रतिशत का ब्याज

बीते 10 महीनों के दौरान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने लगातार अंतराल पर रेपो रेट में इजाफा किया है। रेपो रेट में इस इजाफे के बाद अधिकतर बड़े सरकारी और प्राइवेट बैंकों ने अपने डिपॉजिट रेट्स को बढ़ा दिया है। इसी क्रम में सरकार ने पोस्ट ऑफिस, 'सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम' की ब्याज दरों में भी इजाफा किया है। आइए जानते हैं इस सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम और बैंकों की एफडी में से कहां ग्राहकों को ज्यादा ब्याज मिल रहा है।

1 अप्रैल, 2023 से पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटिजन सेविंग स्कीम के तहत ग्राहकों को 8 पर्सेंट की जगह 8.20 पर्सेंट का ब्याज मिलेगा। इसके अलावा, सरकार ने इस स्कीम के तहत निवेश की सीमा को भी 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दिया है। इस स्कीम के तहत आपको ब्याज के अलावा टैक्स बेनिफिट्स का भी लाभ मिलता है। इसके तहत आपको इनकम टैक्स की धारा 80ष्ट के तहत 1.5 लाख रुपये तक की छूट भी मिलती है।

एसबीआई दे रहा 7.50 पर्सेंट का ब्याज

देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भी एफडी पर अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को तगड़ा ब्याज दे रहा है। बैंक अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 1 साल से लेकर 2 साल से कम की एफडी पर 7.30 पर्सेंट जबकि 2 साल से लेकर 3 साल से कम की एफडी पर 7.50 पर्सेंट का ब्याज दे रहा है।

यहां मिल रहा 7.60 पर्सेंट का ब्याज

प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े लेंडर एचडीएफसी बैंक अपने जनरल कस्टमर्स को 18 महीने से 5 साल की एफडी पर 7.50 पर्सेंट का ब्याज देता है। जबकि इसी टाइम पीरियड पर बैंक अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को अधिकतम 7.60 पर्सेंट का ब्याज देता है।

आईसीआईआई बैंक के वर्तमान एफडी रेट्स

दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक अपने ग्राहकों को 2 साल से लेकर 5 साल की एफडी पर 7.50 पर्सेंट का ब्याज दे रहा है। इसके अलावा, बैंक 15 महीने से 18 महीने की एफडी पर अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 7.60 पर्सेंट का ब्याज दे रहा है।

राहुल सूरत रवाना, बहन प्रियंका भी साथ, सजा के खिलाफ अपील करेंगे

नई दिल्ली। लोकसभा से सदस्यता रद्द होने के 11 दिन बाद राहुल गांधी सोमवार को सूरत कोर्ट के लिए रवाना हो गए। इससे पहले सुबह करीब साढ़े 10 बजे सोनिया गांधी राहुल से मिलने उनके घर पहुंची। सोनिया से मिलने के 1 घंटे बाद राहुल अपने घर से सूरत के लिए निकल गए। राहुल के साथ प्रियंका गांधी, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत और छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल भी सूरत जा रहे हैं। राहुल गांधी के सूरत पहुंचने के दौरान भी पार्टी शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में है। इसके लिए पार्टी के बड़े नेताओं के साथ दूसरे राज्यों के नेता-कार्यकर्ता भी सूरत पहुंच गए हैं। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। रिजिजू ने कहा- जब आपका (राहुल गांधी) ट्रायल चला तब आपने अपील क्यों नहीं की। अब आप डराने के लिए ये नाटक कर रहे हैं। कोर्ट ने जब आपको दोषी करार दे दिया, इसके बाद आप यह ड्रामा कर रहे हैं। यह कोर्ट पर दबाव बनाने के लिए ही है। कांग्रेस पार्टी पूरे के पूरे परिवार को देश से ऊपर मानती है।

पाकिस्तान का दोस्त कहने पर भड़के दिग्विजय करेंगे कोर्ट केस

भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रदेश भाजपा प्रभारी पी. मुरलीधर राव के खिलाफ मानहानि का केस दायर करने का फैसला लिया है। पूर्व सीएम ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। मुरलीधर राव ने दो दिन पहले शनिवार को सीएम हाउस में दिग्विजय सिंह को पाकिस्तान और उग्रवादियों का दोस्त बताया था। राव के इस बयान से दिग्विजय सिंह नाराज हैं। दिग्विजय सिंह ने अपने ट्वीट में लिखा- मुरलीधर आपने मुझ पर जो आरोप लगाए हैं, आपको अदालत में जवाब देना होगा।

एनएसए अजीत डोभाल ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। पं.आशीष पुजारी ने पूजन सम्पन्न कराया।

भाजपा अपनी नाकामियां छिपाने कांग्रेस फाइल्स जैसे हथकंडे अपना रही है: कमलनाथ

भोपाल। पीसीसी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की पीसीसी में कहा कि भाजपा जनता को गुमराह करने के लिए और अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए कांग्रेस फाइल्स जैसे हथकंडे अपना रही है। आज 9 साल से केंद्र में भाजपा की सरकार है इन्होंने तमाम लोगों पर केस दायर किए पर किसी को सजा नहीं हुई, किसी भी मामले में दोषसिद्धि नहीं हुई, ध्यान मोड़ने की साजिश है, जनता आज बहुत समझदार है सब समझ रही है।

उन्होंने देश एवं प्रदेश वासियों को भगवान महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर का त्याग और समर्पण हम सबके लिए वंदनीय है। उन्होंने कहा कि बैतूल में कल भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति तोड़ने की घटना सामने आई है। चुनाव में मात्र 6 महीने बचे हैं, इसलिए इस प्रकार की प्रायोजित घटनाएं होना शुरू हुई है। चाहे रामनवमी का जुलूस हो या इस प्रकार की कोई और अन्य घटना हो, समाज में विवाद और टेंशन की स्थिति निर्मित हो यह बीजेपी की रणनीति है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले से भारतीय जनता पार्टी के लोग हमारे संपर्क में हैं परंतु हमारा फोकस जमीन से जुड़े हुए और लोगों से जुड़े हुए जनाधार वाले नेताओं पर है, जनता से जुड़े हुए नेता कभी छुपकर नहीं मिला करते वह खुले तौर पर मुलाकात करना चाहते हैं। आज हर प्रकार के सर्वे में भारतीय जनता पार्टी और उसके विधायकों का बुरा हाल है। सवालों के जवाब में उन्होंने साफ किया कि छिंदवाड़ा के लिए मुझे किसी विशेष रणनीति की आवश्यकता नहीं छिंदवाड़ा की जनता से मेरा आत्मीय और पारिवारिक संबंध है।



नीता मुकेश अम्बानी कल्चरल सेंटर का शुभारंभ

मुम्बई। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीचोबीच स्थित नीता मुकेश अम्बानी कल्चरल सेंटर का शुभारंभ किया गया। इसमें 2 हजार सीटों वाला एक ग्रैंड थिएटर मौजूद है। इसके अलावा इस सेंटर में 250 सीटों वाला भव्य स्टूडियो और 125 सीटों से सुसज्जित ट्यूब भी मौजूद है। यहां आराम से बैठकर कला-संस्कृति से जुड़ी चीजों का आनंद लिया जा सकता है।

एनएमएसीसी में 4 मंजिला आर्ट हाउस भी बनाया गया है। इसका इंटीरियर इतना शानदार है कि मन करता है बस निहारते ही रहें। ये भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे बेहतरीन कल्चरल सेंटर्स में से एक है। एनएमएसीसी की खूबसूरती देखते ही बनती है। बाहर से

ये जितना सुंदर दिखता है, भीतर से इसकी भव्यता और भी लाजवाब है। एनएमएसीसी भारत की सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के साथ ही आर्ट एंड क्रॉफ्ट के क्षेत्र में पूरी दुनिया को भारत के साथ कनेक्ट करने का काम करेगा।

एनएमएसीसी में द ग्रेट इंडियन म्यूजिकलः सिविलाइजेशन टू नेशन नाम से एक म्यूजिक सेंटर, इंडिया इन फैशन पोशाक कला प्रदर्शनी और एक विजुअल आर्ट शो संगम कन्फूजन भी है। एनएमएसीसी 'स्टेट ऑफ द आर्ट' सेंटर भारत का गर्व है। इसमें भव्य बालकनी और सिटिंग एरिया के साथ एडिशनल फ्लोर इसकी सुंदरता को और बढ़ा देते हैं। एनएमएसीसी के शुभारंभ पर नीता अंबानी ने कहा- इस कल्चरल सेंटर को जिंदगी में लाना एक पवित्र यात्रा रही है। हम ऐसी जगह बनाना चाहते थे, जहां भारत की सबसे बेहतरीन चीजों को एक साथ दुनिया के सामने लाया जा सके। आज हम इसका स्वागत कर रहे हैं।

- फोटो झलकियां पेज 6 पर भी देखें



स्व. अभय छजलानी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए

भोपाल। सप्रे संग्रहालय में दैनिक नई दुनिया के संचालक स्व. अभय छजलानी को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, पूर्व आईएएस मनोज श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार लज्जाशंकर हरदेनिया, महेश श्रीवास्तव, विजयदत्त श्रीधर, उमेश त्रिवेदी, स्वदेश के संपादक राजेंद्र शर्मा, दैनिक सांध्यप्रकाश के संपादक भरत पटेल, गिरीश उपाध्याय, अजय बोकिल, सतीश सक्सेना सहित अनेक पत्रकार, जनसंपर्क के अधिकारी एवं पूर्व अधिकारी मौजूद रहे। यहां मनोज श्रीवास्तव व अन्य लोगों ने स्व. छजलानी के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला और अनेक संस्मरण सुनाए। कैसे नई दुनिया ने अपना अलग स्थान बनाया, इस बारे में बताया गया।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की वर्ष 2021- 22 की घोषित प्रावीण्य सूची में तीन स्वर्ण पदक सहित 16 छात्राएं मेरिट में

संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने फिर दोहराया स्वर्णिम इतिहास

संत हिरदाराम नगर। संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की छात्राओं ने एक बार पुन: स्वर्णिम इतिहास दोहराते हुए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा घोषित वर्ष 2021-22 की प्रावीण्य सूची में 3 स्वर्ण पदक सहित 16 छात्राओं ने अपना स्थान बनाया है।

ब्रह्मलीन संत शिरोमणि हिरदाराम साहिबजी के स्वप्न अनुसार, उनकी कृपा और आशीर्वाद, संस्था के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के प्रेरणा और मार्गदर्शन से संचालित महाविद्यालय की सभी उपलब्धियां एक सामूहिक प्रयास और कुशल नेतृत्व को सार्थक करती है। महाविद्यालय प्रबंधन के समस्त सदस्यों एवं संस्था के उपाध्यक्ष श्री हीरो ज्ञानचंदानी और संस्था के सचिव श्री ए.सी.साधवानी के कुशल मार्गदर्शन और प्रेरणा से छात्राओं के हित में सभी कार्य कुशलतापूर्वक क्रियान्वित होते है। वर्तमान परिदृश्य में उनकी दूरदर्शिता सराहनीय है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ डालिमा पारवानी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय की घोषित प्रावीण्य सूची में छात्राओं का स्वर्ण पदक प्राप्त कर स्थान बनाना, अकादमिक उत्कृष्टता और छात्रहित में किए जा रहे अथक प्रयासों को प्रमाणित करता है। स्नातकोत्तर स्तर पर एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस) की छात्रा कु.पूजा तौरानी, एम.एससी. (मैथमेटिक्स) की छात्रा कु. हर्षा टहिलानी और एम.एससी. (फूड एंड न्यूट्रीशन) की छात्रा कु. रोहिनी चौरसिया को प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

वहीं एम.एससी. (फूड एंड न्यूट्रीशन) की छात्रा कु. हर्षा गौर, एम.एससी (मैथमेटिक्स) की कु. हर्षा चक्रबर्ती एवं कु. यशवी मिंज, एम.एससी (केमिस्ट्री) की छात्रा कु. अंशिका अग्रवाल ने दूसरा स्थान, एम.एससी (फूड एंड न्यूट्रीशन) की छात्रा कु. निशिका गोलानी ने तीसरा स्थान, एम.एससी (फूड एंड न्यूट्रीशन) की छात्रा कु.विद्या पाटिल, एम.एससी (केमिस्ट्री) की छात्रा कु. वर्णिका दुबे ने चौथा स्थान, एम.एससी (फूड एंड न्यूट्रीशन) की छात्रा कु. मृदुला यादव, एम.एससी (कंप्यूटर साइंस) की छात्रा कु. वजीहा खातून फारुख और एम.एससी (मैथमेटिक्स) की छात्रा कु. रितिका अहिरवार ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है।

स्नातक स्तर पर बी. कॉम ऑनर्स की छात्रा कु. भावना ठकुरानी ने छठवां, बीसीए की छात्रा कु. अंतरा गुप्ता ने सातवां और बी.एससी की छात्रा कु. प्रियंका इग्नेशियस होरो ने आठवां स्थान प्राप्त किया है।

ज्ञात हो कि संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में एक स्थापित नाम है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक योगदान दे रहा है। महाविद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार, कौशल विकास और मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान कर छात्राओं के सर्वांगीण विकास में अनुकरणीय भूमिका निभा रहा है। श्रेष्ठ अधोसंरचना, श्रेष्ठ शिक्षण व्यवस्था, श्रेष्ठ उपकरणों से युक्त प्रयोगशालाएं, सर्टिफिकेट कोर्स, कैप्सूल कोर्स, विषय विशेषज्ञों के सत्र, कार्यशालाएं, विषय अनुरूप इंटर्नशिपस, इंडस्ट्री- अकेडमिया से व्यवहारिक ज्ञान प्राप्ति हेतु जुड़ाव, उपलब्ध श्रेष्ठ अवसरों की जानकारी, संवाद एवं संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, निजी, सरकारी और प्रतियोगी परीक्षाओं संबंधी तैयारी हेतु उचित मार्गदर्शन, पाठ्यक्रमों के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ प्रायोगिक ज्ञान प्रदान कर छात्राओं को श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ बनाए जाने की दिशा में कार्य किया जाता है। प्रयासों का सार्थक स्वरूप का पर्याय संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय है, जो अपनी छात्राओं को यथा संभव सहयोग कर उनकी श्रेष्ठ शिक्षा के साथ सुरक्षा सुनिश्चित कर स्वरोजगार के क्षेत्र के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य निर्माण के साथ उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सदैव तत्पर है। वर्तमान समय में उद्यमिता के क्षेत्र में अपार संभावनाएं है, इस हेतु छात्राओं में उद्यमीय कौशल को विकसित करने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर छात्राओं के स्टार्टअप्स प्रारंभ करवाकर उन्हें विक्रय हेतु ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने में सहयोग दिया गया। श्रेष्ठ शिक्षा के साथ श्रेष्ठ प्लेसमेंट भी छात्राओं के लिए अति आवश्यक है ताकि छात्राएं आर्थिक रूप से सक्षम हो पाए। प्रतिवर्ष कंपनियों द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन और उनमें छात्राओं का चयन इस बात को परिलक्षित करता है कि अधिकतम छात्राएं प्रतिष्ठित कंपनियों में उच्च पदों पर अपनी सेवाएँ दे रही हैं। सामाजिक सरोकार और राष्ट्र हित में योगदान देने हेतु उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनाने की दिशा में उन्हें समय-समय पर उचित आयोजनो के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, जिनमें रक्षा परीक्षा जागरूकता कार्यक्रम और देशभक्ति से परिपूर्ण आयोजन प्रमुख है। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस गौरवमयी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई देकर छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

विधायक शर्मा ने लगाई लाड़ली बहना पंचायत

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल

हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने आज नीलबड़ क्षेत्र स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शापिंग काम्पलेक्स परिसर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना पंचायत लगाई और उपस्थित पात्र बहनों के ऑन लाईन फार्म भरवाये तथा अन्य बहनों के फार्म भरवाने में सहायता करने की अपील भी की जिससे कोई भी बहन इस योजना के लाभ से वंचित न रहें। विधायक शर्मा ने व्यवस्थापन किये गये 25 व्यापारियों सहित कुल 35 व्यापारियों को महारानी लक्ष्मीबाई शापिंग काम्पलेक्स में आवंटित दुकानों का आधिपत्य पत्र एवं चाबियां भी सौंपी। इस अवसर पर जोनल अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री सहित निगम के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। शर्मा ने रविवार को नीलबड़ स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शापिंग काम्पलेक्स परिसर में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना पंचायत आयोजित की और उपस्थित पात्र बहनों के अपने समक्ष ही ऑन लाईन भरवाये। शर्मा ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी का आभार व्यक्त किया। शर्मा ने इस योजना को बहुउपयोगी बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी ने पहले बेटियों के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू की और अब अपनी बहनों की चिंता करते हुए लाड़ली बहना योजना लागू की।

जैन इंजिनीयर्स सोसाइटी ने महावीर जयंती के उपलक्ष्य में निकाली अहिंसा वाहन रैली

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल

जियो और जीने दो के प्रवर्तक जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जयंती समारोह इस वर्ष भी जैन इंजिनीयर्स सोसाइटी भोपाल चैप्टर द्वारा धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। 2 अप्रैल को सोसाइटी द्वारा समाज जनों के सहयोग से अहिंसा वाहन रैली का आयोजन किया गया जिसे भोपाल महापौर मालती राय द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। अध्यक्ष सुनील जैन द्वारा बताया गया कि वाहन रैली का उद्देश्य भगवान महावीर के संदेशो को जन जन तक पहुंचाना है। वाहन रैली लालघाटी स्थित गुफा मंदिर से निकल कर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए जवाहर चौक स्थित जैन मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचकर धार्मिक आयोजन तथा ध्वजारोहण किया गया। संरक्षक शरद सेठी ने बताया कि सोसायटी के वरिष्ठ जन, महिलाएं एवं बच्चे उत्साह से इस रैली में सम्मिलित हुए। सोसाइटी उपाध्यक्ष द्वय महेंद्र जैन एवं देवेन्द्र जैन द्वारा बताया गया कि वाहन रैली में लगभग 100 वाहन सम्मिलित हुए जिनकी अगुवाई टाटा कंपनी द्वारा प्रायोजित इलेक्ट्रिक वाहन द्वारा की गई। इसका उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी के सभी विद्यालयों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

संत हिरदाराम नगर। परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद एवं परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी के कुशल मार्गदर्शन में लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित लक्ष्मीदवी विक्योमल शर्राफ उ. मा. विद्यालय, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल, एल.वी.एस प्ले ग्रुप स्कूल एवं वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल सभी विद्यालयों का सत्र 2022-23 का वार्षिक परीक्षा परिणाम आज 01 अप्रैल 2023 को घोषित किया गया। सभी सफल विद्यार्थियों को श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी एवं संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी, प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी, विद्यालय की प्राचार्य ने सफलता की बधाई दी। कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा के.जी.-ढ्ढ तक विद्यालय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आये विघार्थियों को पुरूस्कार देकर पुरूस्कृत किया गया। सभी विद्यालयों के कक्षा नर्सरी से आठवीं तक का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा एवं कक्षा नवीं एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा।

समस्त सफल हुए छात्रों को संस्था व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कक्षा तीसरी से बारहवीं तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आये छात्र-छात्राओं को विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी द्वारा पुरूस्कृत किया जावेगा। संस्था द्वारा सभी अभिभावकगणों को विद्यालय की गर्मियों की छुट्टी में बच्चों के लिए बाल मेले का आयोजन किया गया है इसकी जानकारी दी गई। संस्था ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी पूरे वर्ष भर में की गई मेहनत के लिए बधाई दी एवं उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने निभाया वादा, नसरूल्लागंज का नाम हुआ भैरूंदा

मुख्यमंत्री चौहान भैरुंदा के गौरव दिवस में हुए शामिल

80 करोड़ से अधिक के निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन

भैरूंदा नगर विकास के लिए 100 करोड़ रूपये की घोषणा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आज नसरूल्लागंज का नाम बदल कर भैरूंदा कर दिया गया है। उन्होंने पुराने नाम को ऐतिहासिक अन्याय बताते हुए कहा कि नाम परिवर्तन से हमारा वैभव फिर लौटा है। उन्होंने नगर के ऐतिहासिक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री चौहान ने रविवार को विशाल जन-समूह के बीच नसरूल्लागंज का नामकरण भैरूंदा करने का उदघोष नगर के गौरव दिवस पर किया। उन्होंने सिंगल क्लिक से नसरुल्लागंज का नाम बदलकर भेरूंदा करने के साथ ही गजट नोटिफिकेशन सांसद रमाकांत भार्गव और अध्यक्ष नगर परिषद मारुति शिशिर को सौंपा। नागरिकों ने वर्षों पुरानी मांग पूर्ण होने और फिर से वैभव लौटाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार माना। हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों का उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गई। मुख्यमंत्री चौहान ने गौरव दिवस पर नगर को 80 करोड़ 94 लाख से अधिक राशि के अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात दी। इन कार्यों में 76 करोड़ 25 लाख 51 हजार रूपए की लागत के 16 निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन तथा 4 करोड़ 68 लाख 50 हजार रूपए के दो निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री चौहान ने भैरूंदा नगर के विकास के लिये 100 करोड़ रूपये देने की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आज पूरे क्षेत्र में सिंचाई, सड़क, बिजली, शिक्षा आदि के अनगिनत कार्य हुए है। भैरूंदा से अब 350 करोड़ रूपये की लागत से नेशनल हाइ-वे बनाया जायेगा, जो खातेगांव, बडनगर और इटारसी को भी जोड़ेगा। उन्होंने भैरूंदा के दो दर्जन से अधिक गाँव को सीप अंबर लिफ्ट एरिगेशन योजना से जोड़ने की घोषणा की। साथ ही करीब एक दर्जन गाँव में बेराज निर्माण की मंजूरी भी दी।

मुख्यमंत्री चौहान ने लाड़ली बहना योजना को अपने कार्यकाल की सर्वाधिक अच्छी योजना निरूपित करते हुए कहा कि यह योजना गरीब परिवार में खुशहाली के साथ ही बहनों के सशक्तिकरण, मान-सम्मान बढ़ाने और आत्म-निर्भर बनाने की योजना है। उन्होंने सभी पात्र बहिनों से शिविर में बिना कुछ दिए आवेदन करने का आहवान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सी.एम. राइज स्कूल गाँव के गरीब परिवार के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का माध्यम बनेंगे। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना में बेटियों की शिक्षा का खर्च राज्य सरकार उठा रही है। प्रदेश में अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की शिक्षा अब हिंदी भाषी बच्चे भी कर सकेंगे और अपना भविष्य सवांर सकेंगे। उन्होंने भैरूंदा में स्किल पार्क बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरियों में भर्ती, स्व-रोजगार योजनाओं से रोजगार देने के साथ ही अब मुख्यमंत्री युवा कौशल कमाई योजना भी जून से लागू की जायेगी। योजना में काम सीख रहे युवाओं को 8 हजार रूपए भी मिलेंगे।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में शराब को हतोत्साहित करने के लिये सभी अहाते बंद कर दिये गये हैं। इस दिशा में समाज को भी सकारात्मक रूख अपनाना होगा। सांसद रमाकांत भार्गव ने भैरूंदा का वैभव लौटाने के लिये मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। गौरव दिवस पर 40 से अधिक विभागीय गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगाई गई। मुख्यमंत्री ने नगर की विभूतियों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में स्थानीय जन-प्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक, वीरता के प्रतीक, छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रदेश में तेल घानी बोर्ड गठित होगा

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि साहू राठौर सकल तैलिक समाज, परिश्रमी-देशभक्त और राष्ट्रवादी समाज है। राज्य सरकार समाज के कल्याण और विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान जंबूरी मैदान में राठौर साहू सकल तैलिक समाज के सामाजिक महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। श्री चौहान ने कहा कि माँ कर्मा देवी की कृपा देश-प्रदेश पर बनी रहे और माँ सभी के जीवन में सुख-समृद्धि प्रदान करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर एक सप्ताह में तेल घानी बोर्ड का गठन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि माँ कर्मा के तीर्थ-स्थल नरवरगढ़, मंदसौर के तेलिया तालाब सहित अन्य स्थानों को विकसित करने तथा अन्य मांगों की पूर्ति के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मांगों पर चर्चा के लिए समाज के प्रतिनिधि-मंडल को मुख्यमंत्री निवास आमंत्रित किया।

इंदौर जैसी घटना मप्र में अब नहीं होनी चाहिए

भोपाल। खेत में खुला बोर मिलने पर भूमि स्वामी और सरकारी जमीन में मिलने पर अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराएं। इसके अलावा गांव या शहर कहीं भी खुले कुएं हैं तो उनमें मुंडेर, फेंसिंग या बाउंड्री वाल बनवाएं। इंदौर जैसी घटना दोबारा नहीं होनी चाहिए। यह निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी कलेक्टरों को दिए हैं। वे आज अपने आवास से कलेक्टरों से वर्चुअली बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसी सूचनाएं मिली हैं कि कई जगह पुराने कुएं और बावड़ियों पर कब्जा कर बिना भरे ही उन्हें ढंक दिया गया है। उन्होंने कहा कि इंदौर की घटना इसका उदाहरण है, जिसे भूल नहीं पा रहा हूं। इस बावड़ी को 30 वर्ष पहले ढंका गया था। हर जिले में ऐसे कुएं-बावड़ियों को गंभीरता से चिन्हित करें। सूची बना लें। भले ही उन्हें ढंके नहीं, पर यह जरूर देखें कि उनमें कोई गिरे नहीं। आए दिन बच्चों के बोर में गिरने की खबरें आती हैं। ऐसे में हम हादसे का इंतजार न करें।

भोपाल में मप्र बैंक एम्प्लाइज एसोसिएशन का सम्मेलन आयोजित किया गया।

भोपाल में आज राष्ट्रीय नव जागरण पार्टी लांच की गई। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

भगवान की कृपा से प्राप्त होता है सत्संग: देवकीनंदन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भगवान श्री कृष्ण ने गीता में अर्जुन से कहा अगर तू जीत गया तो पृथ्वी पर राज करेगा वीर भोग्य वसुंधरा वीर योद्धा जो होते हैं इस भूमि का भोग करते हैं स्वर्ग में जाकर आनंद ले भगवान की भक्ति करते है। अगर कथा पंडाल में माताएं बहन सोने की चेन पहनकर चलेंगे तो गोविंद ठाकुर जी को प्रिय नहीं लगेंगे लेकिन गले में आपने एक भी तुलसी का मन का धारण किया हुआ है तो ठाकुर जी भूल जाएंगे कि तुम पापी हो, ठाकुर जी भूल जाएंगे कि तुम्हारे कर्म कैसे हैं, ठाकुर जी हर चीज भूल जाएंगे, सिर्फ एक चीज याद रखेंगे किसने तुलसी धारण की हुई है। आप अनेक प्रकार के पकवान बनाकर ठाकुर जी के आगे रख दो, जलेबी रख दो, दूध रख दो, रबड़ी रख दो, रसगुल्ला रख दो, ठाकुर जी उनकी तरफ देखेंगे भी नहीं। भगवान जब किसी जीव पर विशेष कृपा करते हैं तब भगवान उसे सत्संग प्रदान करते हैं। ब्रह्म जिज्ञासा उस ईश्वर को जानने की जिज्ञासा है जिसमें उसका मनकथा में लगेगा हमने पहले अपने आपको जानने की जिज्ञासा रखो या भगवान को जानने की जिज्ञासा रखो तो भगवान से प्रेम हो जाएगा। धार्मिक परंपरा, संस्कृति आदि का पालन करना हम सबका दायित्व है।

श्री देवकीनंदन ठाकुर महाराज ने कथा का वृतांत सुनाते हुए कहा की प्रारम्भ में यह की भागवत का महात्यम क्या है ? एक बार सनकादिक ऋषि और सूद जी महाराज विराजमान थे तो उन्होंने ये प्रश्न किया की कलियुग के लोगों का कल्याण कैसे होगा ? आप देखिये किसी भी पुराण में किसी और युग के लोगो की चिंता नहीं की पर कलयुग के लोगो के कल्याण की चिंता हर पुराण और वेद में की गई कारण क्या है क्योकि कलयुग का प्राणी अपने कल्याण के मार्ग को भूल कर केवल अपने मन की ही करता है जो उसके मन को भाये वह बस वही कार्य करता है। और फिर कलियुग के मानव की आयु कम है और शास्त्र ज्यादा है तो फिर एक कल्याण का मार्ग बताया भागवत कथा।

श्रीमद भागवत कथा सुनने मात्र से ही जीव का कल्याण हो जाता है महाराज श्री ने कहा कि व्यास जी ने जब इस भगवत प्राप्ति का ग्रंथ लिखा, तब भागवत नाम दिया गया। बाद में इसे श्रीमद् भागवत नाम दिया गया। इस श्रीमद् शब्द के पीछे एक बड़ा मर्म छुपा हुआ है श्री यानी जब धन का अहंकार हो जाए तो भागवत सुन लो, अहंकार दूर हो जाएगा। इस सांसारिक जीवन में जो कुछ भी प्राप्त किये हो सब किराए के मकान की तरह है। खाली करना ही पड़ेगा।

व्यक्ति इस संसार से केवल अपना कर्म लेकर जाता है। इसलिए अच्छे कर्म करो। भाग्य, भक्ति, वैराग्य और मुक्ति पाने के लिए भगवत की कथा सुनो। केवल सुनो ही नहीं बल्कि भागवत की मानों भी। सच्चा हिन्दू वही है जो कृष्ण की सुने और उसको माने , गीता की सुनो और उसकी मानों भी , माँ - बाप, गुरु की सुनो तो उनकी मानो भी तो आपके कर्म श्रेष्ठ होंगे और जब कर्म श्रेष्ठ होंगे तो आप को संसार की कोई भी वस्तु कभी दुखी नहीं कर पायेगी। और जब आप को संसार की किसी बात का फर्क पड़ना बंद हो जायेगा तो निश्चित ही आप वैराग्य की और अग्रसर हो जायेगे और तब ईश्वर को पाना सरल हो जायेगा। श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर कपिल देवहूती संवाद, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र का वृतांत सुनाया जाएगा।

एम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में नवजात शिशु के दुर्लभ बीमारी का ऑपरेशन किया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स भोपाल के न्यूरोसर्जरी विभाग में विदिशा (मध्य प्रदेश) जिले के 20 दिन के नवजात शिशु के फ्रंटल एन्सीफेलोसील के एक दुर्लभ मामले का ऑपरेशन किया गया । यह प्रक्रिया 28 मार्च 2023 को एम्स भोपाल में की गई थी । मस्तिष्क का फ्रंटल लोब एन्सीफेलोसील में हर्नियेटेड हो गया था । 20 दिन के एक नवजात को उसके माता-पिता न्यूरोसर्जरी ओपीडी में लेकर आए, जिसके सिर के अगले हिस्से में जन्म से ही सूजन थी और यह सूजन तेजी से बढ़ रही थी । उसके बाद रोगी की पूरी जांच के लिए उसे भर्ती कराया गया । उसके मस्तिष्क की एमआरआई करने पर रोगी की प्रमुख धमनियों के साथ मस्तिष्क का फ्रंटल लोब एन्सीफेलोसील की थैली को हर्नियेटेड अवस्था में पाया गया । इससे इसका ऑपरेशन करना बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया था । प्रो. अमित अग्रवाल, डॉ. आदेश श्रीवास्तव, डॉ. सुमित राज, डॉ. प्रदीप चौकसे द्वारा अंतर-विभागीय बैठक आयोजित की गई और जल्द से जल्द सर्जरी करने का निर्णय लिया गया क्योंकि एन्सीफेलोसील फट सकता था इससे शिशु के जीवन को खतरा हो सकता था ।

दिनांक 28 मार्च, 2023 को डॉ. सुमित राज द्वारा शिशु की सफल सर्जरी की गई । यह सर्जरी लगभग 5 घंटे तक चली । प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ. वेद प्रकाश द्वारा डिफेक्ट क्लोजर किया गया । ऑपरेशन के अगले दिन बच्चे को बाहर निकाला गया और वह सामान्य फीड ले रहा था । शिशु के माता-पिता इस सर्जरी से बेहद संतुष्ट थे । इस पूरी प्रक्रिया के दौरान एनेस्थीसिया टीम के डॉ. प्रणिता, डॉ. शरण भूषण और डॉ. अनुपमा ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इस प्रकार के मामले केवल विशेष केंद्रों में किए जाते हैं । रोगी आयुष्मान लाभार्थी था इसलिए उसको कुछ भी अतिरिक्त भुगतान नहीं करना पड़ा ।

एन्सीफेलोसील क्या होता है?

एन्सीफेलोसील तंत्रिका नलिका (ट्यूब) का एक दुर्लभ प्रकार का जन्मजात दोष है जो मस्तिष्क को प्रभावित करता है । न्यूरल ट्यूब एक संकीर्ण मार्ग है जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल कॉर्ड) के निर्माण के लिए गर्भावस्था के तीसरे और चौथे सप्ताह के दौरान बंद हो जाता है । एन्सीफेलोसील मस्तिष्क का एक थैली जैसा फलाव या प्रक्षेपण है और इसको ढ़कने वाली झिल्लियां एक छिद्र के माध्यम से खोपड़ी में खुलती हैं । जब गर्भावस्था के दौरान न्यूरल ट्यूब पूरी तरह से बंद नहीं होती तो एन्सीफेलोसील हो जाता है । जिसके परिणामस्वरूप यह नाक से गर्दन के पीछे तक खोपड़ी के केंद्र के साथ कहीं से भी खुल सकता है, लेकिन अक्सर यह सिर के पीछे, सिर के शीर्ष पर या माथे और नाक के बीच होता है ।

हालांकि एन्सीफेलोसील के वास्तविक कारण अज्ञात हैं और वैज्ञानिकों का मानना है कि इसमें कई कारक शामिल हैं । इस स्थिति के लिए एक घटक आनुवंशिक (विरासत में मिला) है, अर्थात् यह अक्सर उन परिवारों में होता है जिनके परिवार के सदस्यों में न्यूरल ट्यूब के अन्य दोष जैसे- स्पाइना बिफिडा और

एम्स ने अपना पहला पूर्व छात्र कार्यक्रम आयोजित किया

एम्स ने शनिवार को राइज़ - रीकनेक्ट, इंस्पायर, शेयर एंड एनरिच- शेयरिंग एक्सपीरियंस, शेपिंग द फ्यूचर- एम्स भोपाल के पूर्व छात्रों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी थीम पर अपना पहला एलुमनी इवेंट आयोजित करके एम्स भोपाल एलुमनी काउंसिल के रूप में एक पूर्व छात्र नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के गठन की शुरुआत की । उपस्थित सभी एम्स भोपाल के पूर्व छात्र थे जिनमें स्नातक (एमबीबीएस, बीएससी नर्सिंग) और स्नातकोत्तर (एमडी/एमएस, डीएम/एमसीएच, एमएससी नर्सिंग) छात्र शामिल थे, जो एम्स भोपाल के विभिन्न विभागों में काम करने वाले पूर्व सीनियर रेसीडेंट्स के साथ संस्थान से उत्तीर्ण हुए हैं । इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रमुख पदाधिकारियों और विभागों के प्रमुखों की उपस्थिति भी रही ।

इस अवसर पर पूर्व छात्र समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रो. जॉन संतोषी ने इस पूर्व छात्र निकाय के निर्माण के लिए किए गए प्रयासों और पूर्व छात्रों से प्राप्त प्रतिक्रिया पर एक अद्यतन जानकारी दी । पूर्व छात्र परिषद के लिए देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों से 800 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए थे । एम्स भोपाल के पूर्व छात्रों ने अब तक 900 से अधिक पत्र प्रकाशित करके, 100 से अधिक पुरस्कार और विभिन्न धाराओं में 50 फेलोशिप प्राप्त करके संस्थान की प्रतिष्ठा को गर्व से बढ़ाया है । कार्यपालक निदेशक, एम्स भोपाल, प्रो. (डॉ.) अजय सिंह और डीन एकेडमिक्स प्रो. (डॉ.) राजेश मलिक ने कार्यक्रम को संबोधित किया । उन्होंने पूर्व छात्रों के मंच के महत्व पर जोर दिया एवं पूर्व छात्रों को जुड़े रहने लिए प्रोत्साहित किया ।

कोविड के बढ़ते केसेस को लेकर अस्पतालों में 10-11 को मॉकड्रिल

भोपाल। देश के कुछ राज्यों में वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रकरण में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी रखना महत्वपूर्ण है। इसी तारतम्य में केंद्र सरकार द्वारा अप्रैल माह में पेन इंडिया मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र सरकार के कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक तैयारियाँ के साथ 10 और 11 अप्रैल को (चिन्हित कोविड डेडिकेटेड स्वास्थ्य सुविधाओं सहित) मॉक ड्रिल करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल के सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश जारी किए है।

आयुक्त एवं सह सचिव स्वास्थ्य डॉ. सुदाम खाड़े ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य कोविड-19 के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना है। सोमवार-मंगलवार 10 और 11 अप्रैल, 2023 को मॉक ड्रिल के दौरान जिलों को आवश्यक मापदंडो पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। इसमें अस्पतालों में बिस्तर क्षमता, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन युक्त आइसोलेशन बेड, आईसीयू और वेंटीलेटर सहित बेड की नियत संख्या की उपलब्धता सुनिश्चित करना हैं।

सभी जिलों को कवर करते हुए भौगोलिक रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रतिनिधि उपलब्धता सुनिश्चित करना है। अस्पताल में उपलब्ध मानव संसाधन जिसमें डॉक्टर नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, आयुष डॉक्टर, आशा सहित अन्य फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, आगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य ग्राम स्तर के कार्यकर्ता, मानव संसाधन क्षमता में कोविड-19 प्रबंधन पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य देख-भाल कार्यकर्ता, गंभीर मामलों के प्रबंधन के लिए वेंटीलेटर प्रबंधन प्रोटोकॉल में प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभाल कर्ता, पीएसए संयंत्रों के संचालन में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि और रेफरल सेवाओं में एडवांस्ड और बेसिक लाइफ सपोर्ट, (एएलएस/बीएलएस) एंबुलेंस की उपलब्धता, अन्य एंबुलेंस की उपलब्धता (पीपीपी मोड के तहत या एनजीओ के साथ), कार्यात्मक एम्बुलेंस कॉल सेंटर की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है।

स म्पा द की य

धर्मस्थलों के लिए गाइडलाइन हो

क्या धर्म स्थलों के लिए कोई गाइडलाइन नहीं हो सकती? हम कहीं भी भवन तान दें और फिर जब दुर्घटना हो जाए तो जिम्मेदारी प्रशासन पर थोप दें, क्या यह सही है? क्या इंदौर की घटना की पूरी जिम्मेदारी मंदिर ट्रस्ट की नहीं है? और भी तमाम सवाल हैं, जो केवल धर्म स्थल के नाम पर गौण हो जाएंगे, ऐसा लग रहा है। वैसे भी प्रदेश में हुई तमाम दुर्घटनाओं की जांच रिपोर्ट का इतिहास अच्छा नहीं है, इसलिए इस जांच पर अभी से संदेह की सुई घूमने लगी है।

असल में इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के दिन हुआ हादसा जितना त्रासद और दुर्भाग्यपूर्ण है, उतना ही विचारणीय भी। यहां एक-दो नहीं, छत्तीस लोगों की मौत हुई है। रामनवमी के मौके पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगना कोई अप्रत्याशित बात नहीं थी। जाहिर है भीड़ को संभालने के लिए जिस तरह की चाक-चौबंद और चौकस व्यवस्था होनी चाहिए थी, उसका वैसे ही अभाव था जैसे आम तौर पर मंदिरों में होता है। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा तो यह है कि मंदिर के अंदर बावड़ी को ढकने वाले स्लैब पर भी काफी लोग इकट्ठा हो गए थे। कोई उन्हें रोकने वाला या यह बताने वाला नहीं था कि यह स्लैब कमजोर है और ज्यादा लोगों का बोझ नहीं वहन कर सकता।

वही हुआ, जिसकी कल्पना नहीं की थी। अचानक स्लैब धंस गया और उस पर खड़े तमाम लोग नीचे गहरी बावड़ी में गिर गए। मामले की जांच के आदेश तत्काल दे दिए गए। मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजा राशि घोषित करने में भी सरकार ने देर नहीं लगाई। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर क्यों हमें बार-बार विभिन्न धार्मिक स्थलों से ऐसे हादसों की खबरें सुनने को मिलती हैं? कभी किसी मंदिर की छत गिर जाती है तो कभी रेलिंग का हिस्सा टूटकर गिर जाता है। क्यों इन मंदिरों और अन्य धर्मस्थानों की मरम्मत और रखरखाव की व्यवस्था पर नजर नहीं रखी जाती? कानून के अनुरूप, उनकी जिम्मेदारी क्यों नहीं तय हो पाती?

ताजा हादसे का भी यह एक अहम पक्ष है। मंदिर के अंदर स्थित बावड़ी को इस तरह ढका जाना गैरकानूनी तो था ही, स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी भी थी। इस बारे में नोटिस भी दिया गया था। खबरों के मुताबिक जनवरी के आखिरी हफ्ते में इंदौर नगर निगम ने मंदिर के ट्रस्ट को अल्टीमेटम दे दिया था कि अगर एक सप्ताह के अंदर इस स्लैब को नहीं हटाया गया तो जबरन हटा दिया जाएगा और उसका खर्च मंदिर प्रबंधन से लिया जाएगा। नगर निगम का यह रुख बिलकुल सही था।

लेकिन दुखद पहलू यह रहा कि इसके बाद हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने लगे। कहा जाने लगा कि नगर निगम प्रशासन मंदिर के अंदरूनी मामलों में बेवजह दखल दे रहा है। ऐसा लगता है कि कथित तौर पर हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं का वास्ता दिए जाने के बाद नगर निगम दबाव में आ गया। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ने तो बाकायदा नगर निगम के अधिकारियों को भावनाएं भड़कने की धमकी ही दे दी थी।

संभवत: इसीलिए जो काम एक सप्ताह की समय सीमा समाप्त होते ही शुरू हो जाना चाहिए था, उस दिशा में दो महीने बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई। नतीजा यह कि रामनवमी के मौके पर श्रद्धालुओं को अपनी जान देकर इस लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ी। आखिर कथित धार्मिक भावनाओं के नाम पर हमारी कानून व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियां अक्सर लाचार क्यों दिखने लगती हैं? यह स्थिति बेहद खतरनाक है। एक बात यह भी है कि राज्य सरकारें अपने यहां के धर्मस्थलों का सुरक्षा ऑडिट क्यों नहीं करातीं ताकि ऐसे हादसे रोके जा सकें। इसकी पहल तभी हो सकती है, जब इंदौर की घटना के लिए मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष को हत्याओं का सीधे जिम्मेदार मानकर कानूनी कार्रवाई की जाए। अभी गैर इरादतन हत्या का आरोप लगा है, जो उचित प्रतीत नहीं होता। ट्रस्ट सीधे जिम्मेदार है, गैर इरादतन हत्या का मामला यही संकेत देता है कि इस मामले का भी वही हश्र होगा, जो रतनगढ़ मंदिर हादसे या अन्य ऐसे ही हादसों की जांच का हुआ।

फिर भी, सरकार और प्रशासन को धार्मिक स्थलों के लिए कोई गाइडलाइन तो बनानी ही होगी। धर्म के नाम पर लोगों को मौत के मुंह में धकेलने वालों पर जब तक सख्त कार्रवाई नहीं होगी, वे प्रशासन को धमकाते रहेंगे। जान की कीमत सरकारी मुआवजा से नहीं तौला जाए, तभी कुछ हो पाएगा।

हंसयोगी भगवान महावीर स्वामी की कुंडली



पंडित पी.एन. भट्ट
ज्योतिषाचार्य, सागर

अहिंसा के अवतार भगवान स्वामी के जन्म के समय निर्मल नभ मंडल में मकर लग्न उदय में थी। मकर लग्न में मंगल और केतु ग्रह अवस्थित हैं। मंगल, गुरु और शनि क्रमश: लग्न में मकर राशि गत सूर्य चतुर्थ भवन में मेष राशि गत, गुरु सप्तम भवन में कर्क राशि गत एवं शनि दसम भवन में तुला राशि गत होकर उच्च राशिगत है।

रूचक योग

जन्मांक में मंगल उच्च राशि गत होकर रूचक नामक योग बनाता है। ज्योतिष सिद्धान्तानुसार इस योग में जन्म लेने वाले जातक का शरीर अत्यन्त बलिष्ठ और बज्रमयी होता है। ऐसा व्यक्ति अपने सम्यक विचारों तथा सत्कार्यों से विश्व में प्रसिद्धि प्राप्त करता है। ऐसा जातक सम्राटों का सम्राट तथा प्राणी-मात्र उसकी आज्ञा मानने के लिए सदा तत्पर रहते हैं। रूचक महायोग वाला महापुरुष अपने भक्त और श्रद्धालुओं से चारों ओर से घिरा रहता है। ऐसा जातक प्रलोभन या दबाव में आकर अपने निश्चिय को कभी नहीं बदलता।

सूर्य और बुध के मेष राशि में स्थित होने से लग्न में बैठे हुए मंगल की और भी अधिक विशेषता होती है। मंगल पर गुरु की सप्तम दृष्टि ने जातक के शरीर को सर्वोत्कृष्ट कुल में जन्म लेने का अधिकार प्राप्त कराया।

केतु ग्रह कह रहा है कि मुझमें अकस्मात परिवर्तन लाने का विशिष्ट गुण है तथा मुक्ति दिलाने का अधिकार प्राप्त है। अत: इस जातक के शरीर को अचानक ही परिवर्तनशील बनाऊंगा एवं समस्त ऐहिक सुखों से वंचित करके एक अनोखे आदर्श पथ पर चलने के लिए जातक के शरीर को बाध्य करूंगा। पुनश्च: केतु ग्रह कह रहा है कि मैं तुच्छ विषय सुखों की ओर ले जाऊंगा। क्योंकि मुझमें उच्च के सूर्य, मंगल एवं गुरु के गुण विद्यमान हैं। गुरु की सत्कृपा से और ग्रहों के योगा योग से भगवान महावीर को यश कीर्ति उपलब्ध हुई जो आज तक न भुलाई जा सकी है और न युग-युगान्तरों तक भुलाई जा सकेगी।

मकर लग्न चर लग्न है। पृथ्वी तत्व है अतएव भगवान महावीर स्वामी ने अपना निवास स्थान स्थिर रूप से एक जगह नहीं किया। भूमि पर ही शयन किया। चतुर्थ भवन में सूर्य मेष राशि में उच्च राशि गत हैं। सूर्य आत्म कारक हैं, सूर्य प्रखर ज्योति स्वरूप हैं, सूर्य पिता कारक हैं। सूर्य अश्व का स्वामी है। नभ मंडल में सूर्य के समक्ष समस्त ग्रह विलीन हो जाते हैं। चतुर्थ स्थान से माता का, जनता का, स्वयं के सुख का तथा बूमि पर विचार किया जाता है। सूर्य के साथ बुध का योग है। बुध छठवें एवं नवम भवन का स्वामी है एवं सूर्य अष्टम भवन का स्वामी होने से जातक की कुंडली में अष्टेश एवं नवमेश का योग होने से राजभंग योग बनता है। सुख स्थान में मातृ-भूमि, वाहन (रथ, हाथी, घोड़े) एवं अन्य सभी सुखों से वंचित कराने का विचार सूर्य ने किया। आत्मा ने बुध को याज्ञिक कर्म (आत्म साधन) में प्रवृत्त किया। साथ बुध वाणी का कर्ता होने से वाणी एवं बुद्धिबल द्वारा जन साधारण से सम्पर्क स्थापित कर जातक के मन में याज्ञिक कर्म करने की भावनाएं जागृत कीं।

चतुर्थ भवन में पदस्थ उच्च राशिगत सूर्य कह रहा है कि मैं सब सुखों को तप के तेज से अग्नि में जलाकर भस्म कर दूंगा। बुध कह रहा है कि मैं जातक को भाग्य पर भरोसा न करने वाला कर्म शूर बना दूंगा, क्योंकि मुझ पर और सूर्य पर शनि और मंगल की पूर्ण दृष्टि, साथ ही मंगल और केतु केन्द्रस्थ हैं। यदि इनकी दृष्टि न होती तो मैं जातक को सांसारिक सुखों का आनंद ही आनंद दिलाता। इस परिस्थिति में मैं चाहता हूं कि भगवान महावीर स्वामी की आत्मा परम-धाम (मोक्ष) में पहुंचकर आवागमन के बंधन से मुक्त हो जाये।

दयार्द्र आत्मा

भगवान महावीर स्वामी के समय हिंसा का अधिकाधिक बोलवाला था। यज्ञ में जीवित अश्वादिकों की आहुति दी जाती थीं। तत्कालीन हिंसात्मक असत् धर्म की प्रवृत्ति का अवलोकन, जीवित प्राणियों का हवन कुण्ड की प्रज्ज्वलित अग्नि में भस्म होते देखकर भगवान महावीर स्वामी की दयार्द्र आत्मा हाहाकार कर उठी और अत्यन्त द्रवीभूत होकर अपने समस्त ऐहिक सुखों का परित्याग कर प्राणी मात्र को आकुलता रहित सच्चा सुख प्राप्त कराने का उन्होंने दृढ़ संकल्प किया। यह सत्कार्य भी उच्च राशि गत सूर्य ने ही किया।

पंचम भवन (क्रीड़ा भवन) में पदस्थ स्वराशिगत शुक्र कह रहा है कि मुढ में आठ ग्रहों का बल है। मकर लग्न होने से मैं केन्द्र एवं त्रिकोण का स्वामी होता हुआ विशेषाधिकार को प्राप्त हूं। अत: मैं इस जातक को यंत्र, मंत्र, तंत्र तथा उच्च कोटि की ऋद्धि-सिद्धियां प्राप्त कराने में समर्थ हूं। मैं जातक (भगवान महावीर स्वामी) को ऐसी अलौकिक विद्या से विभूषित करूंगा, जो जन-जन को सदैव आकर्षित करती रहे और इन गुणों की पूजा एवं अर्चना होती रहे।

हंस योग

भगवान महावीर स्वामी को यंत्र-मंत्र संबंधी उच्च कोटि की विद्याएं, विशिष्ट बुद्धिमत्ता, महाज्ञानी, सर्वज्ञ होने का जन्म सिद्ध अधिकार प्राप्त हुआ। अपने जीवन काल में उन्होंने ऐसे-ऐसे चमत्कार दिखाए, जिससे प्राणी मात्र को उनके समक्ष नतमस्तक होना पड़ा। सप्तम भवन में गुरु उच्च राशि (कर्क) गत है, और राहु भी कर्क राशि में विद्यमान है। गुरु उच्च राशि का केन्द्र में होने से हंस नामक योग बनता है। हंसयोग वाला जातक अत्यन्त सुन्दर, रक्तिम आभायुक्त, मुखाकृति, ऊंची नासिका, प्रफुल्लित कमलोचन, सुन्दर चरण युगल, विशाल वक्ष स्थल वाला होता है। गुरु विद्या, संतान, धन एवं भाग्य का विधायक है एवं प्रशस्त पथ प्रदर्शक होता है। राहु एवं गुरु की पूर्ण दृष्टि तन स्थान में होने से भगवान महावीर का शरीर बज्र के समान मजबूत और अत्यन्त पुष्ट था।

राहु और गुरु कह रहे हैं कि हम सप्तम भवन में स्थित होने से पृथकोत्पादक कारण बनाना हमारा स्वभाव हो गया है। अतएव हम स्त्री सुख से जातक को पृथक रखेंगे और हम पर शनि की दसवीं दृष्टि है अत: राज्य भवन में पदस्थ उच्च राशि गत शनि के माध्यम से जातक के पिता के राज्य वैभव से मुक्त कराकर वन खण्डों की पद यात्रा कराएंगे। किन्तु सूर्य बुध का हम पर केन्द्रीय शासन होने से जातक वन खण्डों और निर्जन स्थानों में वास करते हुए भी केवल ज्ञान कराने की हमारी प्रतिज्ञाएं हैं।

नवम भवन में कन्या राशि में चन्द्रमा पदस्थ है। नवम भाव धर्म और भाग्य का स्थान है। अत: विद्या से परमोत्कृष्ट विद्या की ओर बढने का और सम्पूर्ण कलाओं से बाग्य स्थान में स्थित होकर भाग्योन्नति करने का संकेत दे रहा है। चन्द्र, मन का स्वामी है। चतुर्थ स्थान का कर्ता है। ऐसे चन्द्र को राहु, गुरु ने अपनी भावनाएं समर्पित करके मन में त्याग और पृथकता, एकान्तवास, धर्म के मर्म की सच्ची खोज करने के लिए दृढ़ निश्चयी बना दिया। चन्द्र ने कन्या राशि में बैठकर बुध को समस्त गुण प्रदान कर दिये और बुध ने सूर्य से योग बनाया। अत: उस अमृत का स्वाद आत्मा को आया और उस अमृत को पान करने के उपरान्त सभी सांसारिक सुख, चमचमाती समस्त संपदाएं हेय प्रतीत हुईं और संसार के समस्त सुखों का वियोग कराके मुक्ति बधू से नाता जुड़वा दिया।

मुक्ति मार्ग

ध्यान रहे, केतु की नवम दृष्टि चन्द्र पर है। केतु की इच्छा के विपरीत मुक्ति मार्ग मिलना असंभव ही है। दसवें भवन में शनि अपनी उच्च राशि तुला में स्थित है। शनि उच्च राशि गत केन्द्रस्थ होने से शशक योग बनाता है। शशक योग में जन्म लेने वाला जातक सौम्य-मुद्राधारी एवं दिग्दिगंत में भारी प्रशंसा का पात्र होता है। शनि का प्रबाव नभ मंडल में सर्वोपरि है। दसम भवन से पिता तथा निज कर्मों का विचार किया जाता है। अत: शनि कह रहा है कि दसम भवन में उच्च राशि के अंतर्गत होकर उच्च कोटि के कर्म कराने की क्षमता एवं अधिकार सुरक्षित रखता हूं। अतएव उच्च कर्म कराकर ऐसे पद पर पदारूढ़ कराऊंगा, जहां पर पहुंचने का स्वप्न में भी विचार नहीं आया हो।

मुझमें शुक्र को छोड़कर समस्त ग्रहों की भावनाएं विद्यमान हैं और उसमें बी दो ग्रहों की भावनाएं मुख्य हैं। मुझमें मंगल और केतु के गुण होने से परम सुख और मोक्ष में ले जाने हेतु पुरुषार्थ कराने का अधिकार प्राप्त है। सूर्य आत्मा है और मैं शरीर का स्वामी हूं और दूसरे भवन का लक्ष्मीपति हूं। सूर्य आत्मेश है। इस कारण से काया क्लेश पूर्वक भी आत्मा को परमात्मा बनाने का निर्वाण पद पर पहुंचाने का तथा अपने (जातक) कुटुम्ब को त्याग कराने का सम्पूर्ण अधिकार मुझे प्राप्त है। मैं दु:ख का कारण हूं। मेरा नाम सुनकर बड़े-बड़े योद्धाओं एवं शूरमाओं के पराक्रम नष्ट हो जाते हैं। परन्तु जिस जातक पर मेरी कृपा दृष्टि हो जाती है, उसकी कीर्ति भी अजर-अमर हो जाती है।

शनि कह रहा है, मैं अपने समस्त गुण शुक्र को दे रहा हूं, क्योंकि मैं वृद्ध हीं, मेरी गति मंद है। मैं अपने मित्र शुक्र को आज्ञा देता हूं, कि तुम भौतिक सुखों का त्याग करके तप त्याग पूर्वक ऐसी ऋद्धि-सिद्धियां प्राप्त कराना, जिससे तीनों लोकों में भगवान महावीर स्वामी का नाम प्रख्यात रहे तथा हमेशा उनकी पूजा एवं अर्चना, उपासना होती रहे।

आज भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव है। आप सभी से अनुरोध है कि भगवान महावीर स्वामी के बतलाए हुए सन्मार्ग पर चलकर उनके अगणित असंख्य अनुयायी भक्तजन और श्रद्धालुजन उनका बारम्बार स्मरण करें।

सिंधिया इंदौर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे?

सुरेश तिवारी

ज्योतिरादित्य सिंधिया अभी राज्यसभा सदस्य हैं।

लेकिन, यह माना जा रहा है कि वे अगला लोकसभा चुनाव लड़कर ही संसद में पहुंचेंगे। उनकी राजनीति के जो तेवर हैं, उसे देखते हुए संसद में उनका पिछले दरवाजे से जाना अच्छा भी नहीं है। यही कारण है कि वे पूरी तरह लोकसभा चुनाव लड़ने के मूड हैं। वैसे तो उनकी पुश्तैनी सीट गुना लोकसभा रही है, लेकिन जेपी यादव उनके लिए आसानी से सीट छोड़ेंगे इस बात की संभावना कम है। इस बीच यह कहा गया कि वे ग्वालियर से चुनाव लड़ने के मूड में हैं और इसके लिए सारी जमावट भी कर ली गई! लेकिन, परिस्थितियां और राजनीतिक समीकरण बताते हैं कि ग्वालियर सिंधिया के लिए उतना आसान नहीं है, जितना समझा जा रहा है!

खासकर ऐसी स्थिति में जबकि वे कांग्रेस के निशाने पर हैं और भाजपा में भी उनके छुपे दुश्मनों की कमी नहीं। इस सबको देखते हुए कयास लगाए जा रहे हैं, कि वे अगला लोकसभा चुनाव इंदौर से लड़ सकते हैं। इसका कारण है कि इंदौर भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित सीट में से एक हैं। यहां मराठी और मराठा वोटर्स की भी कमी नहीं है। इन्हें सिंधिया समर्थक भी माना जा सकता है।

इसके अलावा उनके पास तुलसी सिलावट जैसे समर्थकों की भी बड़ी फौज है। लेकिन, सवाल उठता है क्या पार्टी शंकर लालवानी को किनारे करके सिंधिया को टिकट देगी? ज्तो इसका जवाब 'हां' में दिया जा सकता है। अभी मंदिर की बावड़ी ढहने की घटना के बाद उनकी जो भूमिका रही, उससे उनके खिलाफ शहर में नकारात्मक माहौल दिखाई दे रहा है। ऐसे में इंदौर से सिंधिया ही भाजपा के लिए सबसे सही उम्मीदवार हो सकते हैं!

बोरावां से मिले संकेतों का इशारा समझो!

दो दिन पहले खरगोन जिले के बोरावां में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, सहकारिता के पुरोधा और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुभाष यादव की जयंती मनाई गई। कांग्रेस के नेता और उनके दोनों बेटों अरुण और सचिन ने बड़ा भारी जमावड़ा किया। स्व सुभाष यादव की मूर्ति लगाई गई, जिसका भव्य अनावरण किया गया। वास्तव में यह जयंती कार्यक्रम कम, कांग्रेस की एकजुटता दिखाने और विधानसभा चुनाव की तैयारियों का संकेत ज्यादा कहा गया!

लंबे अरसे बाद एक मंच पर कांग्रेस के सभी गुटों के नेता एक साथ दिखाई दिए। कमलनाथ, दिग्विजय

सिंह के अलावा प्रदेश प्रभारी जीपी अग्रवाल भी यहां मौजूद थे। वे सारे नेता यहां मौजूद थे जिनके बारे में कहा जाता है कि उनमें कई आपसी मतभेद हैं। कहा कुछ भी जाता हो, लेकिन इस कार्यक्रम ने भाजपा को चिंता में जरूर डाल दिया।

इसका कारण है कि मालवा-निमाड़ भाजपा के लिए अभी भी सुरक्षित क्षेत्र नहीं है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को यहां अच्छी सफलता मिली थी और अभी भी उसकी जड़ें मजबूत दिखाई दे रही है। राजनीतिक जानकारों की बात माने तो सारी कोशिशों के बाद भी भाजपा मालवा-निमाड़ के आदिवासी वोटर्स को अपने समर्थन में खड़ा नहीं कर पाई है। ऐसे में बोरावा का यह कार्यक्रम कांग्रेस के लिए एक अच्छा संकेत हो सकता है। देखना यह होगा कि यहां जो एकजुटता दिखाई गई, क्या वह चुनाव तक बनी रहेगी या फिर...?

जेल रिटर्न ने प्रतिबद्धता बदली!

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया के खिलाफ दो महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक अनर्गल टिप्पणी के आरोप

मामला दर्ज किया गया था। उन पर ऐसी धाराएं लगाई गई कि उन्हें जेल जाना पड़ा और करीब एक महीना रहना भी पड़ा! लेकिन, राजा पटैरिया इसे अपनी आध्यात्मिक यात्रा मानते हैं। उनका कहना है कि इससे पहले वे राजनीतिक कारणों से 8 बार जेल जा चुके हैं, पर उनकी 9वीं जेल यात्रा अलग कारणों से रही!

महीने भर बाद वे जेल से बाहर आए तो उन्होंने अपने क्षेत्र के अलावा आसपास की सीटों पर भी कांग्रेस के लिए माहौल बना दिया। बुंदेलखंड के जिस दमोह इलाके में वे राजनीति करते हैं, इस घटना से पार्टी और उनकी जड़ें और मजबूत हो गई। इसका कांग्रेस कितना फ़ायदा ले पाती है, ये चुनाव में देखा और परखा जाएगा। लेकिन, उनका कहना है कि उनकी गिरफ़्तारी कांग्रेस को बुंदेलखंड में फ़ायदा दिलाएगी!

इससे भी बड़ी बात यह कि जिस दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में वे मंत्री रहे, जेल से बाहर आने के बाद उनके प्रति राजा पटैरिया का सोच बदल गया। क्योंकि, उन्होंने एक बार भी उनका नाम तक नहीं लिया। राजा पटैरिया को अभी तक दिग्विजय समर्थक माना जाता था। लेकिन, लगता है अब वे कमलनाथ के मुरीद हो गए। इसका कारण यह बताया जा रहा कि जब तक वे जेल में थे, उनका सबसे ज्यादा ध्यान कमलनाथ और नेता प्रतिपज

'लाड़ली' के लिए पूरी शिद्दत से लगे मुख्यमंत्री! *

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को को अच्छी तरह समझ में आ गया है कि महिलाएं ही उनकी चुनावी वैतरणी को पार लगा सकती है। इसलिए वे पूरी ताकत से लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन में लग गए हैं। वे जिस तरह इस योजना को पूरी शिद्दत के साथ प्रदेश में लागू कर रहे हैं उससे साफ जाहिर है

कि उन्होंने इस योजना को आगामी चुनाव जीतने का हथियार बना लिया है। जाहिर है लाडली बहना के बहाने महिला वोटर्स के साथ पूरा परिवार भी पार्टी के प्रति प्रभावित होता है।

मध्यप्रदेश में हर जिले का प्रशासन भी इस बात को बहुत गंभीरता से ले रहा है कि कोई भी 'लाडली बहना' मदद पाने से बच न जाए। उनके फार्म सही ढंग से भरवाए जा रहे हैं। बैंकों में उनके खाते खुलवाए जा रहे हैं। उनकी समग्र आईडी बन रही है।

आशय यह कि कोई भी बहना फार्म भरने से न छूटे। मुख्यमंत्री खुद इस पूरे मामले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और कई जगह जाकर इसके लिए सभाएं भी कर रहे हैं, बहनों से सीधा संवाद कर रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में लाडली बहना मुख्यमंत्री की मेहनत को साकार करेगी या नहीं?

योग आयोग के अध्यक्ष के साथ क्या बदलेगा!

राज्य सरकार ने शनिवार को निगम, मंडल, आयोग और विकास प्राधिकरणों के 8 अध्यक्षों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है। इनमें से सात तो राजनीतिक लोग हैं, इसलिए उनके लिए सरकार ने जो किया उसके पीछे उसकी अपनी मंशा होगी। लेकिन, मध्य प्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा को कैबिनेट का दर्जा दिए जाने को लेकर प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में काफी खुसुर पुसुर है।

इसलिए कि वेद प्रकाश शर्मा कुछ साल पहले तक राज्य सरकार के मातहत थे और पुलिस विभाग में महा निरीक्षक (ड्डत्र) के पद से रिटायर हुए हैं। इस बात से इनकार नहीं कि वे योग के अच्छे जानकार हैं, विशेषज्ञ है। लेकिन, उन्हें योग आयोग का अध्यक्ष बनाकर जिस तरह कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया, वह राजनीतिक और सियासी गलियारों में प्रोटोकॉल के नजरिए से उचित नहीं कहा जा रहा है। इसके पहले भी जिन रिटायर्ड आईएएस आईपीएस अधिकारियों

को कोई जवाबदारी दी गई तो उन्हें कैबिनेट रैंक देने के उदाहरण सामने नहीं है।

जब उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया तो निश्चित रूप से उनके आसपास कुछ तो बदलेगा! पुलिस में जो उनसे सीनियर हैं और रहे है, कभी सामने आने पर वे उनका व्यवहार क्या होगा, इसका अनुमान ही लगाया जा सकता है।

चर्चा में है ईडी से कुछ अफसरों की विदाई!

जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी से कुछ अफसरों की विदाई हो गई। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा रमनजीत कौर की चल रही। उन्हें समय से पहले रिप्रेट्रिएट किया गया है। बताया जाता है कि कुछ विवाद के चलते उन्हें वापस उनके मूल काडर आई आर एस आई टी भेज दिया गया। वे श्रेष्ठ मे संयुक्त निदेशक थी।

क्या सीबीआई को मई में नया मुखिया मिलेगा!

क्या सीबीआई को मई में नया मुखिया मिलेगा अथवा वर्तमान निदेशक सुबोध जायसवाल को एक साल का विस्तार मिलेगा? गलियारों की चर्चा इसी उधेडबुन मे उलझी है। कुछ नये नामो की भी चर्चा चल रही है। इनमे एम ए गणपति का नाम भी है। उत्तराखंड काडर के आई पी एस अधिकारी गणपति इस समय कमांडो फोर्स एन एस जी के डी जी हैं। बहरहाल इन सबके भाग्य का फैसला मई मे हो सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

मुख्यमंत्री श्री चौहान का 4 अप्रैल को खण्डवा दौरा प्रस्तावित

खण्डवा। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का आगामी 4 अप्रैल को खण्डवा दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ग्राम रतागढ़-नहाल्दा में लाडली बहना योजना कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल पर आज कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह द्वारा बैठक लेकर सभी अधिकारियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया तथा आवश्यक तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर सुश्री अंशु जावला, एसडीएम खण्डवा श्री अरविंद कुमार चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

राजेंद्र ठाकुर इस्पात मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य मनोनीत

नर्मदापुरम। पत्रकार राजेंद्र ठाकुर को भारत सरकार ने इस्पात मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य नामित किया है। उक्त आशय का आदेश साकेश प्रसाद सिंह मुख्य लेखा नियंत्रक ने 29 मार्च को जारी किए, ये नियुक्ति अक्टूबर 2024 तक के लिए की गई है हिंदी सलाहकार समिति में 15 सदस्य रहते है। समिति के पदेन अध्यक्ष केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया है,पदेन उपाध्यक्ष केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते है। वहीं संसदीय कार्य मंत्रालय से लोक सभा सांसद संजय सेठ तथा सुनील कुमार सोनी ,राज्य सभा सदस्य दिनेश चंद्र जेमलभाई अनावाडिया तथा नरेश गुजराल के साथ सांसद चिराग पासवान और दिनेश चंद्र यादव सदस्य है। वहीं आदेशानुसार इस्पात मंत्रालय द्वारा नामित चार सदस्यों में प्रो डॉ रामवचन राय की जगह नर्मदापुरम के राजेंद्र सिंह ठाकुर लेंगे।

गौरतलब है कि राजेंद्र ठाकुर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के कट्टर समर्थक है और गत दो दशक से पूर्व केंद्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया को स्मृति में माधव ज्योति अलंकरण समारोह का आयोजन भी करते आ रहे है। राजेंद्र ठाकुर को हिंदी सलाहकार समिति में सदस्य नामित किए जाने पर उनके इष्ट मित्र और शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार माना है। हिंदी सलाहकार समिति के कार्य को लेकर राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि समिति का कार्य संविधान में राजभाषा संबंधी प्रावधानों,राजभाषा अधिनियम व नियम के उपबंधों,केंद्रीय हिंदी समिति के निर्णयों तथा गृह मंत्रालय (राजभाषा विभाग) द्वारा जारी निर्देशों ,अनुदेशों के क्रियान्वयन और मंत्रालय के कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के बारे सलाह देना होगा। विधायक विजयपाल सिंह ने किया अभिनंदनराजेंद्र ठाकुर को इस्पात मंत्रालय भारत सरकार की हिंदी स्लाहकार समिति में सदस्य नामित किए जाने पर विधायक विजयपाल सिंह श्री ठाकुर का स्वागत कर शाल श्रीफल से अभिनंदन किया विधायक श्री सिंह ने केंद्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे साथी राजेंद्र ठाकुर की योग्यता का सही मूल्यांकन कर श्री सिंधिया ने जो डुद्धद्व जिम्मेदारी दी है ।ये सिर्फ राजेंद्र ठाकुर का सम्मान नही है बल्कि सम्पूर्ण अंचल का सम्मान है जो केंद्रीय समिति में स्थान दिया है। निश्चित ही राजेंद्र ठाकुर इस जिम्मेदारी पर खरा उतरेंगे।

औबेदुल्लागंज में भगवान महावीर की शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई

ओबेदुल्लागंज - 3 अप्रैल को भगवान महावीर का जन्म कल्याण महोत्सव श्रद्धा भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा नगर के पार्श्वनाथ मंदिर नेमिश्वर मंदिर तामोट के मंदिरों में प्रभात फेरी भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली जाएगी नेमिश्वर मंदिर में दोपहर 3-00 बजे से श्री भक्तांबर पाठ स्वर्गीय पूर्व विधायक स्वतंत्रता सेनानी की याद में बसंत ऋतु अनुराग नीति पवन रवि नए रखा है सुबह अभिषेक शांतिधारा पूजा पाठ के बाद महावीर प्याऊ का शुभारंभ होगा पूर्व अध्यक्ष सुनील बर्धमान प्रदीप शिरोमणि एवं तरुण जैन संभव जैन मनोज जैन यह मुकेश जैन अतुल जैन वैभव जैन लाला शिखर चंद संतोष जैन सुनील तामोट आकाश जैन ने अपील की है कि समय पर पधार कर धर्म लाभ ले पंडित लक्ष्मीचंद इजारदार एवं महिला मंडल अध्यक्ष आशा रानी ने बताया कि विश्व को जियो और जीने दो का संदेश देने वाले अहिंसा के प्रणिता भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चलकर ही विश्व का कल्याण हो सकता है ईर्ष्या और नीचा दिखाने की भावना त्याग कर भगवान महावीर के संदेश को आत्मा में उतारे

लाडली बहना योजना के फॉर्म भरवाने पहुंचे विधायक धर्मेंद्र सिंह

दमोह । दमोह मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाडली बहना योजना के अंतर्गत जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी जबेरा विधानसभा जनपद तेंदूखेड़ा की ग्राम पंचायत पांजी,बैलवाडा,खेरे पिंडरई, बम्हौरी एवं नगरपरिषद तेंदूखेड़ा पहुंचे और लाडली बहनों को विस्तृत रूप से फॉर्म भरने की प्रक्रिया की जानकारी दी इस दौरान जबेरा विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लाड़ली बहनों के फॉर्म निरंतर भरने का प्रयास करें ताकि इस योजना का लाभ मिल सके इस दौरान जवेरा विधायक ने खेरे पिंडरई में खुद फॉर्म भरने का कार्य किया इस दौरान सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, तेंदूखेड़ा नगर परिषद के अध्यक्ष सुरेश जैन, राजीव जैन, सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

स्वास्तिक सुकन्या केयर ने माहवारी, बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड्स का उपयोग करने किया प्रेरित

दमोह । दमोह जिला आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल ने बताया जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आरएमओ डॉक्टर बृजेश कुलपारियां के सानिध्य में डॉ प्रियंका जैन एवं डॉक्टर अनुपमा वर्मा के द्वारा स्वास्तिक सुकन्या केयर की ट्रेनी सिंपी सोनी के साथ मिलकर महिलाओं की माहवारी से संबंधित स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड्स का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण तथा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रामकली राय, ज्योति चौहान, साक्षी कटारहा और दीनदयाल रजक की उपस्थिति रही।

शहडोल: बीआरसी नियुक्ति का फर्जीवाडा उजागर, अब कलेक्टर करेंगी कार्यवाही?

शहडोल । शिक्षा एक ऐसा ब्रक्ष है जो दिल में उगता है दिमाग में पलता है और जुबान से फल देता है का नारा देने वाले महान दार्शनिक मदन त्रिपाठी मुन्ना भैया कोतमा विधानसभा ने इसको अपने जीवन में पूरी तरह अंगीकार कर के पूरा फल लिया है 7 इसका ताजा उदहारण है जिला शिक्षा केंद्र शहडोल में 11 साल लगातार पदस्थ रहे डीपीसी मदन त्रिपाठी उर्फ़ मुन्ना भैया कोतमा विधानसभा द्वारा कि गयी गड़बड़ियो को मीडिया लगातार उजागर करता रहा है 7 लेकिन मुन्ना भैया के अंडर में रहने वाले जिला प्रशासन ने कभी भी कार्यवाही नहीं की, एक इमानदार कलेक्टर श्री मती अनुभा श्रीवास्तव ही ऐसी थी जिन्होंने जाँच कराकर इनको दण्डित करने का प्रस्ताव आयुक्त शहडोल श्री शोभित जैन को भेजा था 7 यह बात अलग है कि तत्कालीन आयुक्त ने कोई दंड नहीं दिया उल्टा इनको अभय दान देकर लघु शास्ति का प्रकरण संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्री सहदेव सिंह मरावी को भेज दिया था 4 साल से ज्यादा हो गए कोई कार्यवाही नहीं हुयी 7 इस भ्रष्ट व्यवस्था में अगर मुन्ना भैया बेदाग निकले तो भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए 7 क्योकि रिश्वत लेता पकड़ा गया आदमी रिश्वत देकर ही छुट जाता है 7

बात करते है बीआरसी कि गलत नियुक्ति कि एवं गलत पोस्टिंग की,सबसे पहले नियम विरुद्ध परीक्षा ही ली गयी परीक्षा में अपात्रो को शामिल किया गया ,लेकिन जब परिणाम आया उसकी सूची इस प्रकार है ङ्क

आइये अब इस मेरिट सूची का परीक्षण करते है ङ्क

1- सीताराम दुबे(ट्राइबल विभाग) ङ्क चयनित ङ्क पूर्व में विकासखंड सोहागपुर के बीआरसी वर्तमान में नियम बिरुद्ध बुढार में है 7

2- चन्द्रभूषण शुक्ल(ट्राइबल विभाग)- अपात्र रहे है

3- महेंद्र कुमार मिश्र (शिक्षा विभाग) ङ्क पूर्व में विकासखंड व्योहारी के बीआरसी वर्तमान में नियम बिरुद्ध सोहागपुर में है 7

4-लक्ष्मी कान्त द्विवेदी (ट्राइबल विभाग)- गोल्परू में बीआरसी पदस्थ

5- श्री मती ममता पटेल (ट्राइबल विभाग) ङ्क पात्र लेकिन इनको कही नियुक्ति नहीं मिली

6-शिव कुमार तिवारी (शिक्षा विभाग)- आजाद अध्यापक संघ के आन्दोलन कि वजह से 16.12.23 को निलंबित एवं 25.01.23 वर्तमान में बहाल ,

7- राम कुमार विश्वकर्मा -(ट्राइबल विभाग)- जयसिंह नगर में बीआरसी पदस्थ

8- सुनील कुमार प्रजापति(ट्राइबल विभाग) ङ्क अपात्र संविदा शिक्षक

9- ओमकार प्रसाद अहिरवार(ट्राइबल विभाग) ङ्क पात्र लेकिन इनको कही नियुक्ति नहीं मिली

10- सानन्द कुमार धुर्वे(ट्राइबल विभाग) ङ्क पात्र लेकिन इनको कही नियुक्ति नहीं मिली

11-राजीव तिवारी(ट्राइबल विभाग) -अपात्र दिव्यांगङ्ग

12-अनिल कुमार पटेल (शिक्षा विभाग)- पात्र - आजाद अध्यापक संघ के आन्दोलन कि वजह से 16.12.23 को निलंबित एवं 25.01.23 वर्तमान में बहाल ,

13-अरुण त्रिपाठी (ट्राइबल विभाग) ङ्क पात्र लेकिन इनको कही नियुक्ति नहीं मिली

14-राम सुजान यादव (ट्राइबल विभाग) ङ्क पात्र लेकिन इनको कही नियुक्ति नहीं मिली

15-उपेन्द्र सिंह (ट्राइबल विभाग) ङ्क पात्र लेकिन इनको कही नियुक्ति नहीं मिली

16-रामानुज सोनी (शिक्षा विभाग)- पात्र लेकिन इनको कही नियुक्ति नहीं मिली

17-अनिल कुमार द्विवेदी (ट्राइबल विभाग) ङ्क पात्र लेकिन इनको कही नियुक्ति नहीं मिली

18- मनोज केशरवानी (शिक्षा विभाग)- पात्र लेकिन नियमानुसार यह भी अपात्र कि श्रेणी में आते है लेकिन पूर्व में बीआरसी व्योहारी रहे है 7 मदन त्रिपाठी कि टीम है इसलिए नियम विरुद्ध नियुक्ति हुयी है 7 जो निरस्त किये जाने योग्य है 7

क्या विसंगतिया हुयी और कैसे मुन्ना भैया ने चली चाल कि कलेक्टर भी हो गयी गुमराह

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्णय एवं कोर्ट केस कि वजह से कुछ बीआरसी एवं एपीसी स्टे में थे जिला नियुक्ति समिति कि बैठक दिनांक 29.08.22 को की गयी जिसमे विकासखंड व्योहारी हेतु 1 पद शिक्षा विभाग के विरुद्ध महेंद्र मिश्र कि नियुक्ति हुयी एवं रिक्त पद सोहागपुर में सीताराम दुबे ,गोल्परू में लक्ष्मी कान्त द्विवेदी कि नियुक्ति की गयी जोआदेश क्र.994 दिनांक 30/09/22 इसके बाद न तो कभी नियुक्ति समिति कि बैठक हुयी और न ही कोई निर्णय7 मनोज केशरवानी के बारे में विचार भी नहीं हुआ क्योकि उससे ज्यादा नंबर पाने वाले मेरिट लिस्ट के अनुसार थे। श्री मती ममता पटेल (ट्राइबल विभाग) शिव कुमार तिवारी (शिक्षा विभाग)ओमकार प्रसाद अहिरवार(ट्राइबल विभाग)सानन्द कुमार धुर्वे(ट्राइबल विभाग)अनिल कुमार पटेल (शिक्षा विभाग)अरुण त्रिपाठी (ट्राइबल विभाग)राम सुजान यादव (ट्राइबल विभाग)उपेन्द्र सिंह (ट्राइबल विभाग)रामानुज सोनी (शिक्षा विभाग)अनिल कुमार द्विवेदी (ट्राइबल विभाग) कुल 10 लोग पात्र थे जिनका प्रावीण्य सूची में पहले स्थान है।

मनोज केशरवानी कि नियुक्ति पूर्णतः गलत है समस्त नियमो के विपरीत है पूरी सूची छोड़कर 18 नंबर वाले कि नियुक्ति कैसे हो सकती है।लोग कहते है गाँधी जी कि कृपा से हुयी होगी 7

इसके बाद कोर्ट केस से बीआरसी जयसिंहनगर में पदस्थ ब्रम्हानंद ने स्वयं छोड़ दिया तो उनकी जगह नवीन नियुक्ति करनी थी साथ ही राज्य शिक्षा केंद्र के दबाव में बुढार में भी नयी नियुक्ति करनी थी 7 दोनों ट्राइबल ब्लाक थे तो ट्राइबल विभाग से लेना था 7लेकिन मुन्ना भैया ने कलेक्टर को गुमराह/प्रभावित कर 20 /01/23 को एक साथ 3 आर्डर करा लिए ङ्क ,

1- चन्द्र भूषण शुक्ल बीआरसी बुढार को मूल विभाग भेजने का पत्र क्र. 103 दिनांक 20/01/23

2- राम नारायण विश्वकर्मा को जयसिंह नगर एवं मनोज केशरवानी की व्योहारी में नियुक्ति का (जब व्योहारी में पद भरा था शिक्षा विभाग का ही बीआरसी था 7तो बिना रिक्त स्थान पर उसकी नियुक्ति भी 29.08.22 कि बैठक का उल्लेख कर कर दिया एक बीआरसी पर 2 की नियुक्ति कौन सी नियुक्ति समिति पारित करती है7जनवरी 2023 में रिक्त होने वाले विकासखंड बुढार एवं जयसिंह नगर का पूर्वाभास भी समिति को अगस्त 22 में ही हो जाता है ? (शादी तय हुयी नहीं बारात पहले आ गयी) मुन्ना भैया के सामने सब संभव है ङ्क पत्र क्र. 106 दिनांक 20/01/23

3- तीसरा नियम विरुद्ध आदेश किया सीताराम दुबे को गृह विकासखंड में बीआरसी एवं महेंद्र मिश्र को व्योहारी से सोहागपुर पत्र क्र. 105 दिनांक 20/01/23

आइये और परीक्षण करते है क्योकि जिला प्रशासन नहीं करेगा:

1-राज्य शिक्षा केंद्र के पत्रक्र. 5055 दिनांक 30/08/22के कंडिका 3 में निर्देश है विकासखंड स्रोत समन्वयक पद पर नियुक्ति हेतु सम्बंधित लोकसेवक को सेवापुस्तिका में दर्ज गृह ब्लाक में प्रतिनियुक्ति नहीं की जा सकती,

1.1 -कार्यालय कलेक्टर (जिला शिक्षा केंद्र) शहडोल के पत्र क्र.106 दिनांक 20/01/23 के द्वारा मनोज केशरवानी उ.माँ. शिक्षक खरपा व्योहारी की अवैध नियुक्ति भी उसके गृह ब्लाक व्योहारी में नहीं की जा सकती 7

1.2-इसी तरह कलेक्टर (जिला शिक्षा केंद्र) शहडोल के आदेश क्र.105 दिनांक 20/01/23 से सीताराम दुबे का बुढार विकासखंड में किया गया स्थानांतरण भी अवैध है ङ्क

इन निर्देशों के तहत किसी को भी उसके गृह विकास खंड में पदस्थ नहीं करना है 7 लेकिन मदन त्रिपाठी ने या तो कलेक्टर को अँधेरे में रखा है या तो शामिल किया है 7इस नियम विरुद्ध कार्य करने में मनोज केशरवानी की सर्विस बुक में गृह विकास खंड व्योहारी है 7 एवं सीताराम दुबे की सर्विस बुक में ग्राम बह्पाढ़ विकासखंड बुढार लिखा है 7 जिसका अवलोकन किया जा सकता है 7 लेकिन इन्होने कलेक्टर के हस्ताक्षर से आदेश करा लिया है 7कहेंगे सब नियमानुसार है 7भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ऐसा करेंगे तो न्याय कहाँ मिलेगा 7

इस समाचार के माध्यम से कलेक्टर शहडोल से अपेक्षा की जाती है कि एक सप्ताह के अन्दर मनोज केशरवानी को हटाया जाकर सीताराम दुबे कि पोस्टिंग वापस सोहागपुर ,महेंद्र मिश्र को वापस व्योहारी की जाएगी एवं चयन सूची अनुसार किसी ट्राइबल विभाग के अभ्यर्थी कि मेरिट द्यद्वह्यह्ल अनुसार बुढार में पोस्टिंग कि जाएगी 7एवं इस दोष पूर्ण कार्यवाही के प्रणेता मदन त्रिपाठी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी 7

कुठला पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा

चार आरोपियों से चोरी की तीन मोटरसाइकिल जप्त

पुलिस अधीक्षक कटनी श्री अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में कुठला पुलिस के द्वारा मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है एवं पकडे गए चार आरोपियों से चोरी की तीन मोटरसाइकिल जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। नवागत पुलिस अधीक्षक कटनी श्री अभिजीत कुमार रंजन द्वारा जिले के समस्त पुलिस थानों क्षेत्रों में रोजाना बिना नंबर के वाहनों एवं संदिग्ध लोगों की चेकिंग कराई जा रही है। उक्त निर्देशों पर टीआई कुठला अरविंद जैन के साथ उपनिरीक्षक महेंद्र बेन, आरक्षक सत्येंद्र सिंह, मनोज द्विवेदी, संजय यादव, शमशेर सिंह एवं अभय के द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर की मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवकों को चेक किए जाने पर उनके पास मोटरसाइकिल के कोई कागजात नहीं मिले जो पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल के इंजन नंबर और चेसिस नंबर से जानकारी एकत्र किए जाने पर पता चला कि युवकों से पकड़ी गई मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक एम. पी. 21एम जी 2693 चोरी की है । जिस के संबंध में लल्लू लाल गाडरी पिता हरी दीन गड़ारी निवासी पहरुआ मंडी कटनी के द्वारा दिनांक 25.02 2023 को चोरी जाने की रिपोर्ट पर थाना कुठला में अपराध क्रमांक 210 / 23 धारा 379 दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के द्वारा पकड़े गए आरोपी अरविंद चौधरी पिता रामफल चौधरी उम्र 22 साल निवासी गल्ला मंडी, पहरवा कटनी एवं मंजा उर्फ़ राज भूमिया पिता लवकुश भूमिया उम्र करीब 18 साल निवासी कैलवारा फाटक कटनी एवं दो अन्य विधि विरुद्ध किशोर बालकों से पूछताछ पर चोरी की दो मोटरसाइकिल एवं एक एक्टिवा मोपेड जप्त की है। पुलिस द्वारा दिनांक 29.03. 2023 को राधिका होटल के पास बस स्टैंड पुलिस चौकी से दीपक कुमार भोजवानी पिता राजकुमार भोजवानी निवासी माधवनगर की चोरी की गई एक्टिवा मोपेड एम. पी. 21 एम.एल. 2554 एवं दिनांक 12.02. 2023 को कैलवारा खुर्द, बस स्टैंड चौकी से राम प्रसाद चौधरी पिता खेतिया चौधरी निवासी ग्राम डुकरिया थाना बरही की मोटरसाइकिल हीरो कंपनी की एमपी 21 एम.के. 9425 जप्त की है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से चोरी गई अन्य मोटरसाइकिलों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कटनी श्री अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा मोटरसाइकिल चोर गिरोह को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करने के लिए टी. आई. कुठला एवं उनकी टीम को पुरस्कृत किया है।

मप्र में फिर बनेगी कांग्रेस की सरकार: संजय शर्मा

मिलन समारोह में भारी में कार्यकर्ता हुए शामिल

नर्मदापुरम। 2023 के अंत में होने वाले मप्र विधानसभा चुनाव में फिर कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनेगी। कांग्रेस के सर्वे दो आधार पर जिताऊ प्रत्याशी का चयन करेगी। यह बात वरदान गार्डन में आयोजित जिला यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रेमसिंह सोलंकी द्वारा आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता मिलन समारोह के दौरान जिले के प्रभारी तेंदू खेड़ा विधायक संजय शर्मा ने कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस महासचिव सविता दीवान शर्मा कहा कि कार्यकर्ता सिर उठाकर गर्व से मतदाताओं के बीच जाकर कहे कि कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने 15 माह में लगभग 27 लाख किसानों का 50 हजार से 1 लाख तक कर्ज माफ किया है और हर बिजली उपभोकत को 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली देने का काम किया। नवनियुक्त जिला कांग्रेस पुष्पराज पटैल ने कहा कि कमलनाथ के नेतृत्व व जिला प्रभारी संजय शर्मा के मार्गदर्शन में कांग्रेस जिले की चोरों सीटों पर विजय दर्ज कराएगी। पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन झलिया, जिला पंचायत में राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सुधीर गौर व समीर शर्मा ने अपनी विचार रखे। इस आयोजन की खास बात यह रही कि यहां वर्षों बाद कांग्रेस के पुराने चेहरे नजर आए। जिन्हें देख सभी वक्ताओं ने आयोजक प्रेमसिंह सोलंकी व उनकी टीम को साधुवाद दिया।

श्री सोलंकी ने सभी अतिथियों का शाल श्रीफल व प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जीवन सिंह तोमर, चंद्रगोपाल मलैया, उमेशसिंह ठाकुर, एसएस पटेल, अनिल राठी, धर्मेंद्र तिवारी, प्रताप राजपूत, जितेंद्र सिंह सोलंकी, अजय सैनी, अनोखे राजोरिया, राकेश शर्मा, मीना वर्मा, कुसुम तोमर, राजकुमार उपाध्याय, पंकज राठउैर, दिलीप रवत, श्याम दुबे, रोहित पवार, शंकरसिंह राजपूत, सूरज तिवारी, अजीत विष्ठ, शिवमंगल सिंह, कुलदीप मिश्रा, हकीम खान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लाड़ली बहना योजना में लापरवाही, 4 सचिव निलंबित, 4 शिक्षकों व 10 संविदा पर्यवेक्षकों को नोटिस

शिवपुरी - मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के मामले में जिला प्रशासन सख्ती बरत रहा है। कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरते जाने पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा 4 ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है तो दूसरी ओर कलेक्टर रविन्द्र चौधरी ने 4 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस दिया है।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ पात्र महिलाओं को दिए जाने हेतु संपूर्ण जिले में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। गत दिवस अधिकारियों द्वारा लाडली बहना योजना के कार्य की स्थिति जानने हेतु जनपद पंचायत बदरवास की ग्राम पंचायत टामकी, ग्राम पंचायत सजाई, ग्राम पंचायत एजवारा, ग्राम पंचायत रामपुरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए ग्राम पंचायत टामकी सचिव रामकृष्ण लोधी, ग्राम पंचायत सजाई प्रभारी सचिव महेश रघुवंशी, ग्राम पंचायत एजवारा सचिव लाखन सिंह यादव, ग्राम पंचायत रामपुरी सचिव अमोल सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

वहीं कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत आयोजित होने वाले शिवरों में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने, कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण 3 प्राथमिक शिक्षक व 1 सहायक अध्यापक और योजना के प्रचार प्रसार, पात्र महिलाओं की ईकेवाईसी, आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदाय नहीं किए जाने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के 10 संविदा पर्यवेक्षको को नोटिस जारी किए हैं तथा सेवा समाप्ति की चेतावनी दी है। उक्त कारण बताओ नोटिस की कार्यवाही विकासखण्ड कोलारस के ग्राम बैरसिया के प्राथमिक शिक्षक राजाभैया यादव एवं प्राथमिक शिक्षक सुभाष यादव, विकासखण्ड पोहरी के ग्राम परिच्छा अहीर के प्राथमिक शिक्षक रामलाज जाटव तथा विकासखण्ड कोलारस के ग्राम सेसई सड़क के सहा. अध्यापक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय के विरुद्ध की गई है। खनियाधाना के सेक्टर पिपरा की संविदा पर्यवेक्षक मुस्कान जैन, सेक्टर खनियाधाना क्रमांक 1 की संविदा पर्यवेक्षक शांति एक्का, परियोजना पोहरी के सेक्टर बैराड़ क्रमांक 2 की संविदा पर्यवेक्षक अनीता शर्मा, परियोजना नरवर के सेक्टर चकरामपुर की संविदा पर्यवेक्षक निशा सिकरवार, परियोजना करेरा के सेक्टर दिनारा क्रमांक 2 की संविदा पर्यवेक्षक भारती शर्मा, सेक्टर दिनारा क्रमांक 1 की संविदा पर्यवेक्षक ममता आर्य, परियोजना पिछोर के सेक्टर वीरा एवं खोड नीतू गुप्ता, परियोजना पिछोर के सेक्टर पडोरा की संविदा पर्यवेक्षक प्रमिलेश शर्मा, परियोजना कोलारस के सेक्टर दीघौद की संविदा पर्यवेक्षक विमलेश लक्षकार, परियोजना कोलारस के सेक्टर राई सगुफ्ता खान को सूचना पत्र जारी किए हैं।संबंधित कर्मचारियों को अपना स्पष्टीकरण कार्यालय जिला कलेक्टर शिवपुरी में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

वन भूमि पर अवैध बोर खनन, 2 मशीन जब्त

शिवपुरी - जिले के पोहरी अनुविभाग में अवैध रूप से बोर खनन करते वन विभाग के अधिकारियों ने एक बोर करने वाली मशीन को पकड़ा है। बोर मशीन के दो ट्रकों की जब्ती की कार्यवाही की गई है। पोहरी अनुविभाग के सब रेंज भैसरावन में वन विभाग की जमीन बोर खनन कर रही दो मशीनों को जब्त करने की कार्यवाही की गई है। बीट प्रभारी रुकमणी भगत ने बताया कि रवि पुत्र कल्याण यादव निवासी निमानिया कक्ष पी-850 गढ़ा- भैसरावन में वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से बोर खनन करा रहा था सूचना पर बन विभाग का अमला मौके पर पहुचा ओर जब्ती पंचनामा बनाकर दोनो बोरिंग मशीनों को पोहरी रेंज में जब्त कर कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन बनाकर भेजा है। बता दें, अनुभाग के अंतिम छोर पर स्थित वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है।

देहात थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही अवैध शराब तस्करी पर 11 स्थानों पर, 12 आरोपियों से अवैध शराब जब्त

दमोह । दमोह पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा सभी थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने एवं अधिक से अधिक आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी को ध्यान मे रखकर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह दमोह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह दमोह के निर्देशन पर एवं नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में उनि अमित मिश्रा थाना प्रभारी दमोह देहात के नेतृत्व में अलग अलग टीमें गठित कर मुखबिर तंत्र मामूर कर थाना दमोह देहात क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब के विरुद्ध रेड कार्यवाही करते हुए अवैध शराब का विक्रय एवं परिवहन करते हुए 11 प्रकरणों में 12 आरोपियों से कुल 635 पाव (114.3 लीटर) अवैध शराब कीमती 48800 रुपये एवं 01 मो.सा. जब्त की गई । आरोपीगणों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

नाम आरोपी -

1. कृष्णकुमार पिता द्वारका प्रसाद शर्मा निवासी जैतपुरा कोपरा थाना देवरी जिला सागर हाल मुकेश नायक कालोनी 2. जितेन्द्र पिता लल्लन सिंह राजपूत निवासी मिर्जापुर औरंगाबाद बिहार हाल चंपत पिपरिया थाना दमोह देहात 3. मुरलीधर उर्फ मन्नू पिता डोमन रजक निवासी ककरा 4. हल्लेभाई पिता मुन्नी पटैल निवासी टिकरी पिपरिया 5. परषोत्तम पिता मलखान पटैल निवासी बडगुंवा थाना जबेरा 6. हेमेन्द्र उर्फ मोनू पिता रामेश्वर पटेल पिपरिया 7. कमलेश पिता शोभा सिंह लोधी निवासी आबूखेड़ी 8. लखन सिंह पिता गोविन्द सिंह लोधी निवासी आबूखेड़ी 9. राहुल सिंह पिता राजा सिंह लोधी निवासी आबूखेड़ी 10. प्रीतम पिता सुखलाल पटैल निवासी झिरा 11. खरगराम पिता कोमल रजक निवासी पिपरिया चंपत 12. शेर सिंह पिता नन्नू सिंह राजपूत निवासी सूखी पिपरिया थाना दमोह देहात

प्रकरण में जमशुदा सामग्री- अवैध देशी शराब कुल 635 पाव (114.3 लीटर) कीमती 48800 रुपये
01 मो.सा. हीरो एच.एफ.डीलक्स कीमती 30000 रुपये

सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी उनि अमित मिश्रा थाना प्रभारी दमोह देहात , उनि कादर खान , उनि संजू सैयाम , सउनि मनोज पटैल, प्र.आर 105 रामगोपाल, प्र.आर 475 तुलसीराम पटैल, प्र.आर 178 हेमंत अवस्थी , प्र.आर 313 कृष्णकुमार, प्र.आर 762 दीपक ठाकुर, आर. 736 अखिलेश साहू , आर. 120 प्रसून , आर. चालक 590 रविन्द्र।

भोपाल में महवीर जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा

पेज 1 से जारी

नीता मुकेश अम्बानी कल्चरल सेंटर का शुभारंभ



नीता मुकेश अंबानी कल्चरल हाल के शुभारंभ अवसर की झलकियां..अनेक फिल्मी कलाकारों ने भी की शिरकत।

केन्द्रीय मंत्री एल. मुरूगन आज आयेंगे

विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

छिंदवाड़ा । भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने बताया कि भारत सरकार के केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी मंत्रालय एवं सूचना, प्रसारण राज्यमंत्री का आज दिनांक 3 अप्रैल 2023 को छिंदवाड़ा आगमन होगा । श्री मुरूगन अपने तीन दिवसीय छिंदवाड़ा प्रवास कार्यक्रम में रहेंगे । श्री मुरूगन का आज रात्रि 7.30 बजे छिंदवाड़ा आगमन होकर मधुवन कॉलोनी छिंदवाड़ा में गायत्री परिवार के कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात्रि 8 बजे महावीर जयंती के अवसर पर जैन मंदिर गुलाबरा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात सर्किट हाउस छिंदवाड़ा में विश्राम करेंगें ।दिनांक 4 अप्रैल को श्री मुरूगन जिला भाजपा कार्यालय में कोर समिति की बैठक लेंगे। दोपहर 12 बजे तामिया मंडल के शक्ति केन्द्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कार्यक्रम में रहेंगे। दोपहर 2 बजे सर्किट हाउस तामिया पहुंचेंगे। इसके पश्चात् सायं 4 बजे ग्राम लालू पिपरिया में सांसद निधि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन एवं स्वेच्छानुदान निधि के हितग्राहियों को चैक वितरण करेंगे। रात्रि 7.30 बजे स्थानी पूजा लॉन परासिया रोड छिंदवाड़ा में दक्षिण भारतीय परिवार सम्मेलन में भाग लेंगे । कार्यक्रम एवं भोजन पश्चात् रात्रि विश्राम सर्किट हाउस छिंदवाड़ा में होगा । दिनांक 5 अप्रैल को श्री मुरूगन शासकीय कार्यक्रम में भाग लेंगे ।

4 अप्रैल को सपा प्रदेश अध्यक्ष रामायण सिंह पटेल का आगमन

छिंदवाड़ा । समाजवादी पार्टी जिला ईकाई छिन्दवाड़ा के तत्वाधान में स्थानीय बस स्टैण्ड सिवनी रोड़ छिन्दवाड़ा में दिनांक 04 अप्रैल 2023 दिन मंगलवार को विशाल महासभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय रामायण सिंह पटेल ,विशेष अतिथि पूर्व मंत्री माननीय ब्यास जी गोड़ ,प्रदेश उपाध्यक्ष आर.एस.यादव सभा को संबोधित करेंगे। सभा के पश्चात् जन समस्याओं की विभिन्न मांगों को लेकर स्थानीय बस स्टैण्ड से रैली निकालकर इंदिरा तिराहा,फव्वारा चैक ,पुरानी सब्जी मंडी होते हुये जिला कलेक्टर कार्यालय में महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविन्द यादव (पत्रकार) ने सपा के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं एवं जिले के नागरिक बंधुओं से उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की विनम्र अपील की है।

श्री दादाजी दरबार ईकलबिहरी

छिंदवाड़ा । श्री दादाजी दरबार ईकलबिहरी में साथियों के साथ पहुँचकर पूजा अर्चना कर माथा टेका। इस अवसर पर रघुवीर मोहने अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मोहखेड़, विजय गावंडे अध्यक्ष क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी जाम, प्रदीप जामकर, संतोष पवार, शशिकांत जामकर सहित साथीगण उपस्थित थे।

मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने संतोष चौरे

छिंदवाड़ा । मेडिकल एसोसिएशन के चुनाव जीते नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उनकी पूरी टीम का जिला भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में आगमन हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष ने मेडिकल एसोसिएशन के चुनाव जीतकर आए नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष चौरे, सचिव अजय मालवी, कोषाध्यक्ष अखिलेश पप्पू अग्रवाल एवं साथीगण प्रवीण कुमार लाम्बा, राजेश ढगे, विक्की प्रदीप शर्मा, महबूब लालानी, हिमांशु खंडेलवाल, गगन सोनी, अंकित पांडे, विक्रम अग्रवाल, आशीष संभारे को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हे बधाई दी । मेडिकल एसोसिएशन संघ के सदस्यों ने भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू से संघ विक्रेताओं को आने वाली समस्याओं से अवगत कराया । भाजपा जिलाध्यक्ष ने इन समस्याओं को सुनी और उच्च अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण करने का भरोसा दिलाया ।

गायत्री परिवार के कलश यात्रा का स्वागत किया

छिंदवाड़ा । गायत्री परिवार द्वारा 108 कुंडीय महायज्ञ किया जा रहा है जिसमें पोला ग्राउंड से 2400 कलश यात्रा निकाली गयी जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुऐ यज्ञशाला पहुंची इस दौरान राष्ट्रीय सेना द्वारा गायत्री परिवार का छापाखाना चौक मे फटाका पुष्पमाला एंव शरबत बांटकर भव्य स्वागत किया।

श्रीमती शीला मिश्रा का दु:खद निधन

छिन्दवाड़ा। पत्रकार के . आर. दुबे की सासू माँ, आशीष मिश्रा की माता जी बालाघाट के वार्ड क्रमांक 2 पम्प हाउस गली निवासी श्रीमती शीला मिश्रा पति श्री नन्दलाल मिश्रा जी का आज दु:खद निधन हो गया, उनकी अंत्येष्टि सोमवार को सुबह 10 बजे इनके निज निवास बालाघाट से निकलेगी।

हनुमान जयंती पर्व के दौरान कानून व्यवस्था, लोक शाति व सुरक्षा व्यवस्था के लिये कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त

छिन्दवाड़ा । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले द्वारा 6 अप्रैल को हनुमान जयंती पर्व के आयोजन के दौरान कानून व्यवस्था, लोक शांति व सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को निर्धारित क्षेत्र/स्थलों पर कार्यक्रम प्रारंभ से समाप्ति तक के लिये नियुक्त किया गया है। नियुक्त कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि अपने अनुभाग/तहसील क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर पर्व के आयोजन का संज्ञान लेते हुये विहित क्षेत्रों में सतत भ्रमण करें और वहां आयोजित होने वाले पर्व, धार्मिक समागम व अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान आने वाले श्रध्दालुओं/व्यक्तियों व अन्य व्यवस्थाओं का भारत सरकार के गृह विभाग व मध्यप्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेश/निर्देशों के अनुक्रम में समुचित आंकलन करें एवं क्षेत्र में समुचित सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुसार कार्यपालिक दंडाधिकारियों और अधीनस्थ कर्मचारियों की ड्यूटी अपने स्तर से लगाते हुये पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ निरंतर संपर्क, समन्वय बनाये रखें । साथ ही यदि किसी महत्वपूर्ण अप्रिय घटना की जानकारी हो या जिला स्तर से कोई कार्यवाही अपेक्षित हो तो उससे तत्काल जिला दण्डाधिकारी और अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को अवगत करायें। अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ओ.पी.सनोडिया ने बताया कि अनुविभाग सौंसर के अंतर्गत जामसावंली मंदिर और सिमरिया मंदिर में अनुविभागीय दण्डाधिकारी सौंसर श्रेयांस कुमट को प्रभारी अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार सौंसर विक्रम सिंह ठाकुर, प्रभारी तहसीलदार अमरवाड़ा श्रीमती छवि पंत, प्रभारी तहसीलदार पांढुर्णा वीरबहादुर सिंह धुर्वे व प्रभारी तहसीलदार चांद आशीष उपाध्याय को जामसावंली मंदिर और प्रभारी तहसीलदार मोहखेड़ श्रीमती साधना सिंह व नायब तहसीलदार छिंदवाड़ा दीपक डकाटे को सिमरिया मंदिर में कार्यपालिक दण्डाधिकारी तथा अनुविभाग परासिया के अंतर्गत कोसमी मंदिर में में अनुविभागीय दण्डाधिकारी परासिया मनोज प्रजापति को प्रभारी अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार परासिया श्रीमती अनुकृति मिश्रा व नायब तहसीलदार उमरेठ कैलाश प्रसाद कौल को सिमरिया मंदिर में कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किया गया है ।

शासन की 3 वर्ष की उपलब्धियों और विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले में विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत राज्य शासन की 3 वर्ष की उपलब्धियों और विभिन्न योजनाओं पर केन्द्रित टाटा मैजिक पर निर्मित एक प्रचार रथ द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है । इस प्रचार रथ द्वारा गत दो दिनों में 16 ग्रामों में प्रचार-प्रसार किया गया है । इसमें एक अप्रैल को ग्राम बाड़ीवाड़ा, शिकारपुर, पौनारी, चिखलीकला, चिखलीमुकासा, रायगढ़, मड़ई व गोपालपुर और 2 अप्रैल को मोहलीभारत, हिरीं मुकासा, गाडरवाड़ा, सुरला, बरातभोरी, सिमरिया मुल्तानी, जिल्हेरी व जमुनियाभूरा में प्रचार-प्रसार किया गया है।

महिला सरपंच ने 8 माह में बदली मऊ पंचायत की तस्वीर

फल-फूलदार पौधे लगवाकर दिया स्वच्छता का संदेश

मोहखेड़ । जनपद पंचायत मोहखेड़ की मऊ ग्राम पंचायत इन दिनों विकासखंड भर की ग्राम पंचायतों के लिए मिसाल कायम कर रही है। मऊ ग्राम पंचायत में महिला सरपंच ममता सुदामा डोबले ने अपने 8 माह के पंचायती कार्यकाल में ग्राम पंचायत मुख्यालय की बदहाल सूरत को बदल दिया है और ग्राम पंचायत में सरकारी राशि व निजी जेब खर्च से राशि खर्च कर कर ग्रामीणों को सुलभ और सुविधाजनक सुविधा मुहैया कराने के साथ अथक भरसक प्रयासों से ग्राम पंचायत में सफलता हासिल की है।जुलाई 2023 को सरपंच निर्वाचित हुई ममता सुदामा डोबले ने अपने 8 माह के कार्यकाल में विकास की नई इबारत लिख दी है।पंचायत, ईकक्ष सहित सभी सरकारी भवनों की मरम्मत जीर्णोद्धार व रंगाई-पुताई कर नया स्वरूप प्रदान किया है।पंचायत भवन के पास हरा भरा पार्क विकसित कर फल - फूल दार पौधे लगवा कर सौंदर्य करण का रूप दिया गया है। हरियाली से अच्छादित कर प्राकृतिक संरक्षण व स्वच्छता का अनूठा संदेश भी दिया है।दूसरी ओर गांव में मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं का निराकरण किया गया है।साथ ही सरपंच कप का भी आयोजन किया गया।

अन्य पंचायतों के लिए मिशाल पेश की

मऊ पंचायत सरपंच ममता डोबले ने अपने पति समाजसेवी एंव भाजपा मंडल मोहखेड़ महामंत्री सुदामा डोबले के सहयोग से 8 माह के कार्यकाल में ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों से विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों के लिए एक मिसाल पेश की है।विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों में मऊ के अलावा गिनी चुनी ही ऐसी ग्राम पंचायत है। जहां पर पंचायत भवन,ईकक्ष भवन का रंग रोगन,स्ट्रीट लाइट, फलदार पेड़,अतिरिक्त कक्ष भवन,उप स्वास्थ्य केंद्र भवन,नाली निर्माण आदि के निर्माण के साथ विकास की अन्य विकास की सुविधाओं के नाम पर इनके कार्यकाल में सरकारी व कुछ अपनी ओर से राशि खर्च से सुविधाएं विकसित करवा कर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों के लिए विकास किए।

मुख्यमंत्री ने परासिया की दुर्घटना पर किया दुख व्यक्त

छिन्दवाड़ा । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छिन्दवाड़ा जिले के परासिया में देवरानीदाई के समीप जल कुंड में नहाते समय तीन व्यक्तियों के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार मृतकों के परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मृतकों के परिवार को 4-4 लाख रूपए राहत राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

कक्षा 5 एवं 8वीं वार्षिक मूल्यांकन की गणित और संगीत विषय की परीक्षा स्थगित

छिन्दवाड़ा। प्रदेश में 3 अप्रैल 2023 को होने वाली कक्षा 5वीं एवं 8वीं की गणित और दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु संगीत विषय की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षाएँ अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई हैं। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस ने बताया कि इन परीक्षाओं की आगामी तिथि शीघ्र ही जारी की जाएगी। विदित हो कि इस वर्ष प्रदेश में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाएँ हो रही हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी समय सारणी अनुसार कक्षा 5वीं एवं 8वीं की गणित और दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु संगीत विषय की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा सोमवार 3 अप्रैल 2023 को नियत थी, जिसे अपरिहार्य कारण से स्थगित किया गया है।

पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन की बनाई रणनीति

16 अप्रैल को होगा जिला स्तरीय धरना एवं संवैधानिक रैली

छिंदवाड़ा । पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन जिला छिंदवाड़ा के तत्वाधान में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन संयुक्त कर्मचारी अधिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतीश गोंडाने की अध्यक्षता में किया गया उक्त बैठक में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम छिंदवाड़ा के जिला प्रभारी अरविंद भट्ट ने संचालन करते हुए बताया कि प्रांतीय आह्वान पर विगत प्रथम चरण में 29 मार्च को संपूर्ण मध्यप्रदेश में विकासखंड स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया,द्वितीय चरण में आगामी 16 अप्रैल को जिला स्तर पर एनपीएस धारी कर्मचारी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कलेक्टेड प्रांगण जवाहर ग्राउंड में धरना देते हुए संवैधानिक रैली निकालकर कलेक्टर मैडम के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। संयुक्त अधिकारी कर्मचारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीश गौड़ाने जिले के सभी विभागों में कार्यरत एनपीएस धारी अधिकारी कर्मचारी से 16 अप्रैल के कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। एनएमओपीएस के जिलाध्यक्ष विनोद डेहरिया ने अपने बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन के आंदोलन में अपने हक अधिकारों की प्राप्ति के लिए आर या पार की लड़ाई में शामिल होने का आग्रह जिले के जुझारू साथियों से किया है आज की बैठक में एनएमओपीएस के जिलाध्यक्ष विनोद डेहरिया, जिला प्रभारी अरविंद भट्ट जिला समन्वयक ताराचंद भलावी,जिला उपाध्यक्ष रामाजी पाठे,कमलेश चौरासे, सुशील दोइजड़,सत्यभान पटेल, कमलेश डेहरिया,संजय भावरकर, समी मुलहसन शेख,संदीप साहू,जगदीश वाईकर,राजकुमार कवरेती, सुखदेव उइके,पुरुषोत्तम शेंडे,टुकड़या भादे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

14 अप्रैल को डॉ आंबेडकर जयंती का आयोजन

छिंदवाड़ा। भारतीय बौद्ध महासभा दक्षिण के प्रदेश सचिव एड रमेश लोखंडे द्वारा बताया कि डॉ आंबेडकर जी द्वारा पंजीकृत सामाजिक संगठन भारतीय बौद्ध महासभा विगत 25 वर्षों से डॉ आंबेडकर तिराहे पर निरंतर डॉ अंबेडकर जयंती समारोह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करते आ रही है भारतीय बौद्ध महासभा की मांग पर 14 अप्रैल 2005 को शासन प्रशासन द्वारा भारतीय बौद्ध महासभा को साथ में लेकर डॉ अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर सेजवार के मुख्य अतिथ्य एवं भदंत सारिपुत्र की अध्यक्षता में किया गया था तब से भारतीय बौद्ध महासभा स्थानीय डॉ आंबेडकर तिराहे पर डॉ आंबेडकर जयंती समारोह एवं अन्य सामाजिक समारोह का आयोजन करती आ रही है भारतीय बौद्ध महासभा डॉ अंबेडकर की जयंती समारोह की पूर्व संध्या पर 13 अप्रैल की शाम 6 से 10 बजे तक जयंती समारोह का केक काटकर संगीतमय कार्यक्रम करेगी एवं 14 अप्रैल को भारतीय बौद्ध महासभा त्रिरत्न जनकल्याण समिति सुजाता महिला संघ के संयुक्त तत्वाधान में डॉ आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन डॉ आंबेडकर तिराहे पर किए जाने का निर्णय लिया गया है समारोह को सफल बनाने हेतु भारतीय बौद्ध महासभा प्रात: 9 बजे रानी दुर्गावती चौक से विशाल भीम सैनिक रैली प्रात: 9 रेल्वे स्टेशन क्षेत्र से विशाल रैली चंदन नगर से प्रात 9 बजे विशाल रैली त्रिरत्न जन कल्याण समिति सुजाता महिला संघ के तत्वाधान में आयोजित की जावेगी सभी रैलिया 10.30 बजे डॉ आंबेडकर तिराहे पर आकर डॉ आंबेडकर जयंती समारोह में सम्मिलित होगी जहा जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की प्रमुख उपस्थिति में डॉ अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा ।

जैन समाज ने निकाली विशाल जिनधर्म प्रभावना रैली

हजारों की संख्या में जिनशासन सेवक हुए शामिल, जैन मंदिरों पर किया ध्वजारोहण

आज मनेगा श्रीवीर प्रभु का 2622 वां जन्मकल्याणक महोत्सव

छिन्दवाड़ा। महावीर का शुभ संदेश जियो ओर जीने दो, सत्य अहिंसा प्यारा है यही हमारा नारा है, अहिंसा परमो धर्म की जय तीर्थंकर महावीर भगवान की जय घोष से धर्म नगरी छिन्दवाड़ा गुंजायमान हो उठी मंगलमय प्रसंग था सकल जैन समाज द्वारा निकाली गई जिनधर्म प्रभावना वाहन रैली का जिसमे हजारों की संख्या में श्रावकगणों ने मंगलगान के साथ जय घोष करते हुए नगर का भ्रमण किया और समस्त जैन मंदिरों की सामूहिक वंदना कर उन पर ध्वजारोहण किया।जिनधर्म प्रभावना वाहन रैली का भव्य आयोजन सकल जैन समाज द्वारा मनाए जा रहे तीर्थंकर महावीर भगवान के 2622 वें दो दिवसीय जन्मकल्याणक महोत्सव के प्रथम दिवस चैत्र सुदी सोमवार के शुभ दिन किया गया जिसका भव्य शुभारंभ नगर के समस्त जिनालयों सहित चैत्यालयों में सामूहिक पूजन से किया गया पश्चात कार्यक्रम स्थल कुण्डलपुर नगरी अहिंसा स्थली गोल गंज में सकल समाज ने 108 मुनिश्री सुप्रभसागरजी एवं 108 श्री प्रणतसागरजी महाराज के मंगल प्रवचनों का लाभ लेकर रैली में हिस्सा लिया। भव्य एवं विशाल रैली का सकल जैन समाज के सभी घटकों ने आत्मीय स्वागत कर अभिनन्दन किया।

जिला चिकित्सालय में किया फल वितरण

श्रीवीर प्रभु के 2622 वें जन्मकल्याणक की खुशी में सकल जैन समाज के युवा साथी दोपहर में जिला चिकित्सालय पहुंचे और वहां विविध वार्डों में लाभ ले रहे 5 सौ से अधिक रोगियों सहित समस्त स्टाफ को फल, बिस्किट, ग्लुकोज के पैकेट सहित औषधि का वितरण कर उनके स्वास्थ्य लाभ की मंगल कामना की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी सुंदर प्रस्तुति

संध्या के समय सकल समाज ने मुनिश्री सुप्रभसागरजी महाराज के समीचीन विकल्पों का सम्यक समाधान में हिस्सा लेकर धर्म लाभ लिया पश्चात श्री वीतराग विज्ञान पाठशाला के विद्यार्थियों ने सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया जिसका सफल संचालन दीपकराज जैन द्वारा किया गया। इसी क्रम में सोजना से पधारे मंच कलाकार ने गर्भकल्याणक की सुंदर सभा लगाकर पंचकल्याणक महोत्सव की याद दिला दी।

आज मनेगा 2622 वां जन्मकल्याणक महोत्सव

महोत्सव के सयोंजक सुजीत जैन एवं मीडिया प्रभारी दीपकराज जैन ने बताया कि आज चैत्र सुदी तेरस सोमवार के शुभ दिन सकल जैन समाज श्रीवीर प्रभु का 2622 वां जन्मकल्याणक महोत्सव मनावेगा जिसका शुभारंभ प्रात: 6 बजे कुण्डलपुर नगरी गोल गंज से प्रभातफेरी से होगा पश्चात प्रात: 7 बजे से मुख्य पंडाल सहित नगर के समस्त जैन मंदिरों सामूहिक पूजन कर जन्मकल्याणक की खुशियाँ मनाई जावेगी। 8.30 से मुनिश्री के मंगल प्रवचन, 9.30 से आहार चर्या, 11 बजे से तारण भवन प्रांगण में सकल जैन समाज का साधर्मी वात्सल्य भोज, दोपहर 1 बजे से श्रीजी का भव्य चल समारोह निकलेगा जो नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करेगा।संध्या 7 बजे कुण्डलपुर नगरी में दीप प्रज्वलन, 7.30 से पालना झूलन एवं जन्मकल्याणक की बधाइयां, 8.30 से श्री उदारसागर पाठशाला के विद्यार्थियों सहित महिला मण्डल के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमे सकल जैन समाज सहित धर्मप्रेमी बन्धु सादर आमंत्रित हैं।

आलोक ने दिखाई मानवता - किया रक्तदान

जैन समाज के युवाओं द्वारा जिला चिकित्सालय में फल वितरण के दौरान सीजर ऑपरेशन के लिए जुन्नारदेव से आई श्रीमती सीमा सोनिया को ए पोजेटीव रक्त की आवश्यकता पड़ी उन्होंने आलोक जैन नीलम जैन से निवेदन किया श्री जैन ने तुरन्त ही अपना ब्लड चेक कराया और ए पोजेटीव होने पर महिला को रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया।

पशु चिकित्सालय और गौशाला पांढुर्णा का आकस्मिक निरीक्षण

छिन्दवाड़ा । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार ने गत दिनों पशु चिकित्सालय पांढुर्णा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रभारी पशु चिकित्सालय पांढुर्णा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ.पक्षवार ने बताया कि विकासखंड पांढुर्णा में स्थित गौ-शाला का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा गौ-शाला संचालक को चारा व भूसा के साथ ही गर्मी में पशुओं की उचित देख-रेख करने के निर्देश दिये । उन्होंने पशु औषधालय बड़चिचोली में सेवानिवृत्त हुये सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी श्री साहेबराव दिगरसे के विदाई समारोह में भी सहभागिता की और श्री दिगरसे के उज्जवल भविष्य की कामना की । इस कार्यक्रम में डॉ.केतन पांडे व डॉ.गोविंदा धुर्वे के साथ ही पूर्व उप संचालक पशु पालन डॉ.एन.एस.ठाकुर और विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे ।

नेमा दर्पण फॉउंडेशन अध्यक्ष शेलेन्द्र नेमा बने

वरिष्ठ, युवा एवं महिला इकाई का किया विस्तार

छिंदवाड़ा । नेमा दर्पण फॉउंडेशन छिंदवाड़ा इकाई की बैठक राजेश नेमा (सिंगोड़ी वाले) के निवास सत्यम शिवम कालोनी छिंदवाड़ा में आयोजित की गई ।बैठक में वरिष्ठ,युवा एवं महिला इकाई का विस्तार प्रांतीय संगठन सचिव अरविंद नेमा के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें वरिष्ठ इकाई में अध्यक्ष शेलेन्द्र नेमा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय नेम (अमरवाड़ा वाले),उपाध्यक्ष विजय नेमा (नेमा ट्रांसपोर्ट) सचिव संजय गुप्ता, सहसचिव सतीश नेमा एवं राजेश नेमा (बसंत कालोनी) कार्यकारिणी सदस्य उमेश नेमा, अखिलेश नेमा, संजय नेमा (वर्धमान सिटी) राजेश नेमा (सिंगोड़ी वाले) राजकुमार नेमा मनोनीत किया गया।महिला इकाई छिंदवाड़ा में अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा नीलेश नेमा,उपाध्यक्ष श्रीमती अनुभा शेलेन्द्र नेमा एवं श्रीमती पूजा राजेश नेमा, सचिव श्रीमती सोनिया नितिन नेमा,सहसचिव श्रीमती लालिमा राजेश नेमा एव श्रीमती आकांक्षा रनीश नेमा, कार्यकरिणी सदस्य श्रीमती संध्या सतीश नेमा,श्रीमती प्रीति संजय गुप्ता,श्रीमती रश्मि यगनेश नेमा,श्रीमती नीतू उमेश नेमा, श्रीमती वरुण मयंक नेमा को मनोनीत किया गया।युवा इकाई छिंदवाड़ा में अध्यक्ष प्रियंक नेमा उपाध्यक्ष अंकित नेमा,सचिव रनीश नेमा (एडवोकेट) सहसचिव शशांक नेमा को मनोनीत किया गया।

6 अप्रैल को दशहरा मैदान से सिमरिया हनुमान मंदिर तक विशाल गदा यात्रा

छिंदवाड़ा । श्री मारुति नंदन सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 6 अप्रेल दिन गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दशहरा मैदान से सिमरिया हनुमान मंदिर तक विशाल गदा यात्रा निकाली जाएगी एवं सायं 6 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया हैं।समिति के कार्यक्रम प्रभारी आनंद बक्षी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ प्रात: 10.10 बजे सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर सिमरिया में उपस्थित होकर श्री राम भक्त हनुमान जी का पूजन-अर्चन करेंगे। तत्पश्चात विभिन्न रामायण मंडलों द्वारा दी जाने वाली संगीतमय धार्मिक प्रस्तुतियों का श्रवण करेंगे।प्रात: 11.10 हनुमान भक्त प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ छोटी बाजार पहुंचकर भगवान श्रीराम-जानकी का एवं नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता का पूजन- अर्चन तथा संगीत रामायण मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ में सम्मिलित होंगे एवं गदा पूजन करेंगे। प्रात: 11.30 बजे कमलनाथ एवं नकुलनाथ दशहरा मैदान पहुँचकर हनुमान भक्तो द्वारा निकाली जा रही दिव्य गदा यात्रा में सहभागी होंगे।यह उल्लेखनीय हैं कि इस वर्ष हनुमान जयंती के अभूतपूर्व उत्साह को दृष्टिगत रखते हुए दिव्य गदा यात्रा दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर सिध्देश्वर हनुमान मंदिर सिमरिया में गदा अर्पण के साथ पूर्णत को प्राप्त होगी।मारुति नंदन सेवा समिति ने सायं 6 बजे से भजन सम्राट रविराज नासेरी की भजन संध्या में समस्त भक्त समुदाय से सहपरिवार उपस्थित होकर पुण्यार्जन का आग्रह किया हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू को किया सम्मानित

छिंदवाड़ा । जनहित के सेवाकार्यों में अग्रणी छिंदवाड़ा मोबाईल एसोसिएशन प्रतिदिन स्थानीय बस स्टैंड पर सैकडों राहगीरों और गरीबों को भोजन करवाती है। प्रतिवर्ष श्रीरामनवमी पर्व पर सुंदर- सुंदर आतिशबाजी एवं कई अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती हैं । समय - समय पर गरीबों को कम्बल , वस्त्र आदि भेंट करते हैं । इस वर्ष श्री राम नवमी के दिन प्रसिद्ध देवी जागरण की गायिका रुपाली जंघेला , शेफाली शाह , और रुद्रकांत ठाकुर ने देशभक्ति और सनातन संस्कृति से ओतप्रोत सुंदर प्रस्तुति देकर नगरवासियों का मन मोह लिया । एसोसिएशन के कार्यक्रम की चर्चा पूरे जिले में है । इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता श्री भगवानदीन साहू पिता श्री भैयालाल साहू को भी सम्मानित किया । श्री साहू ने ऐसे अनगिनत सेवाकार्य प्रशासन और शासन से लोहा लेकर किये हैं ; जिससे लाखों लोग लाभांवित हुए हैं। पूज्य संत श्री आशाराम बापू की संस्था से जुड़कर कोरोनाकाल में लगभग 5 लाख से अधिक जरूरतमंदों को राशन वितरण किया। गीता जयंती पर्व पर 47 हजार विद्यार्थियों को गीता ज्ञान प्रतियोगिता में सम्मिलित करवाया। 14 फरवरी मातृ - पितृ पूजन दिवस पर जिले में 8 लाख तथा देश में 61 करोड़ माता पिता का पूजन करवाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह उपस्थित रहे। मोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र जैन, सचिव दीपक डोईफोड़े , कोषाध्यक्ष अर्पित जैन, विनय ठाकुर, रवि (बबलू) वर्मा , सुजीत सोनी, अखिलेश मिश्रा, आकाश पंजवानी, मोहन साहू , सुरेंद्र देशमुख उपस्थित रहे ।

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

मध्यप्रदेश शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

3 साल विकास के

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

महिला सम्मेलन

एवं

हर गरीब को आवास के लिए भू-खंड

मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार पत्र वितरण

अब तक प्रदेश में **36,330** आवासहीन परिवारों को
निःशुल्क भू-खंडों का आवंटन

शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

3 अप्रैल, 2023 | अपराह्न 2:30 बजे
पुलिस ग्राउण्ड, बैतूल, मध्यप्रदेश

सीधा प्रसारण | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

D-11001/23

राजस्व विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023